


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 247/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14


भोपाल, सोमवार 24 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


## राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह

# कांग्रेस ने पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया: मोदी



## प्रधानमंत्री ने 3 नई ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, कई रेल परियोजनाओं का किया शुभारंभ



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● रीवा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूज्य बापू कहते थे भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन कांग्रेस ने गांधी के विचारों को भी अनसुना किया। आजादी के बाद की सरकारों ने भारत की पंचायती राज व्यवस्था को ध्वस्त किया। जो व्यवस्था सैकड़ों वर्ष, हजारों वर्ष पहले से थी, उसी पंचायती राज व्यवस्था पर आजादी के बाद भरोसा ही नहीं किया गया।**

एसएएफ मैदान में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेम और ई ग्राम स्वराज के एकीकृत पोर्टल का शुभारंभ किया, समावेशी विकास के पोर्टल, तीन नई रेलगाड़ियों की शुरुआत के साथ 2300 करोड़ की नई रेल परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

पीएम मोदीने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब पंचायतों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है। आज ई-ग्राम स्वराज- जीईएम इंटीग्रेटेड पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। इससे पंचायतों के माध्यम से होने वाली खरीद की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनेगी। पीएम ने कहा कि हमारे यहां गांव के घरों के प्रॉपर्टी के कागजों को लेकर बहुत उलझनें रही हैं। इसके चलते भांति-भांति के विवाद होते हैं, अवैध कब्ज़ों की आशंका होती है। पीएम स्वामित्व योजना से अब ये सारी स्थितियां बदल रही हैं। उन्होंने कहा, 90 के दशक में पंचायती राज के नाम पर खानापूर्ति की, ध्यान नहीं दिया। 2014 के बाद से देश ने अपनी पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया। आज इसके परिणाम नजर आ रहे हैं। आज भारत की पंचायतें गांवों के विकास की प्राणवायु बनकर उभर रही हैं।



### तीन नई ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से रीवा-इतवारी ट्रेन समेत तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएं कर रवाना किया और रीवावासियों को तीन नई ट्रेनों रीवा-इतवारी ट्रेन, छिंदवाड़ा-नैनपुर ट्रेन और नैनपुर-छिंदवाड़ा ट्रेन की सौगात दी और रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।



### शिवराज सरकार की तारीफ

पीएम मोदी ने शिवराज सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए छिंदवाड़ा के विकास की बात करते हुए कमलनाथ पर निशाना साधा। वहीं, कांग्रेस को घेरते हुए पीएम ने कहा कि जिस दल की सरकार ने देश में सबसे ज्यादा समय तक शासन किया। उसने ही गांवों का भरोसा तोड़ दिया।

### हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार लाख हितग्राहियों को वर्चुअल माध्यम से गृह प्रवेश कराया।

### ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ

पीएम मोदी ने रीवा के एस.ए.एफ ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में रिमोट दबाकर पंचायत स्तर पर सार्वजनिक खरीद के लिए बनाए गए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ किया।

### कांग्रेस सरकार ने पंचायतों से भेदभाव किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज यहां ई-ग्राम स्वराज और ई-जेम पोर्टल को मिलाकर जो नई व्यवस्था लॉन्च की गई है, उससे आपका काम और आसान होने वाला है। पीएम स्वामित्व योजना के तहत भी देश के 35 लाख ग्रामीण परिवारों को प्रॉपर्टी कार्ड दिए गए। पहले की सरकारों ने पंचायतों से भेदभाव किया, अब उनसे उलटा हम उन्हें सशक्त कर रहे हैं। 2014 से पहले पंचायतों के लिए वित्त आयोग का अनुदान 70 हजार करोड़ से भी कम था। इतनी कम राशि से इतना बड़ा देश, इतनी सारी पंचायतें कैसे अपना काम कर पातीं।

### प्रधानमंत्री ने देखी लघु नाटिका धरती कहे पुकार के

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एसएएफ मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर पहुंचे। सुपारी से बनी कलाकृति से पीएम का स्वागत किया गया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने लघु नाटिका धरती कहे पुकार के देखी।

### विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

पीएम मोदी आज राष्ट्रीय पंचायती दिवस कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल होने के लिए रीवा पहुंचे हैं, जहां वह विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं।



## प्रधानमंत्री हमारे दिल में बसते हैं: चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, पीएम जल जीवन मिशन की सौगात देने आए हैं। टोंटी खोलोगे तो घर-घर पानी आएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बाणसागर बांध का कांग्रेस के राज्य में केवल शिलान्यास हुआ, पूरा कभी नहीं बना। अब हर जगह इससे सिंचाई हो रही है। कांग्रेस के राज्य में गड्ढों में सड़कें हुआ करती थीं। आज गांव - गांव में फोरव्हीलर हैं। जब पुरानी सरकार 15 महीने के लिए आ गई थी, पीएम ने घर भेजे, उस सरकार ने घर बनाए ही नहीं। पीएम ने जल जीवन मिशन के पैसे भेजे, इसे भी कांग्रेस सरकार ने लौटा दिए थे। प्रधानमंत्री हमारे दिल में बसते हैं। हमारे मन में बसते हैं और वे हमसे मन की बात करते हैं। 30 अप्रैल को मन की बात का 100वां संस्करण यानी पीएम 100वीं बार मन की बात करेंगे।



### मुख्यमंत्री ने दिलाए पांच संकल्प

मुख्यमंत्री बोले - प्रधानमंत्री गांव, किसान और खेती के लिए चिंतित हैं। मध्य प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी हो गई। प्रदेश की पिछली सरकार ने पाप किया। किसानों को पैसा नहीं दिया। आवास का पैसा नहीं दिया। जलजीवन मिशन का पैसा नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने सबसे पांच संकल्प कराए, 1. बिजली बचाएंगे 2. पानी बचाएंगे 3. पेड़ लगाएंगे 4. प्राकृतिक खेती करेंगे व 5. स्वच्छता रखेंगे।

### 7853 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

- 5 नल - जल योजनाओं का शिलान्यास, इससे 4036 गांव के 947731 परिवार को पीने का पानी मिलेगा।
- रीवा जिले की बाणसागर परियोजना की लागत 2319 करोड़ 45 लाख रुपए है। इससे 1411 गांव में पानी पहुंचेगा।
- सतना बाणसागर-2 की परियोजना की लागत 2153 करोड़ 12 लाख रुपए है। इससे रीवा, सतना जिले के 295 गांव लाभांवित होंगे।
- सीधी बाणसागर समूह नल जल योजना की लागत 1641 करोड़ 52 लाख रुपए है। इससे 677 गांव में पीने का पानी पहुंचेगा।
- टमस समूह नल जल योजना की लागत 951 करोड़ 18 लाख रुपए है। इससे रीवा जिले के 630 गांव लाभान्वित होंगे।
- सीधी जिले की गुलाब सागर समूह नल जल योजना की लागत 788 करोड़ 63 लाख रुपए है। इससे 323 गांव लाभांवित होंगे।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज कर्नाटक प्रवास के दौरान मैसुरू में चामुण्डेश्वरी देवी के दर्शन किए।

## शरद पवार का बड़ा बयान, महाविकास अघाड़ी आज है, लेकिन कल का कुछ कह नहीं सकते

**मुम्बई।** क्या महाराष्ट्र की राजनीति में नया भूचाल आने वाला है? क्या वाकई अजित पवार एनसीपी को तोड़कर भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं? क्या यहां किसी भी वक्त मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं? शरद पवार, उद्धव ठाकरे और संजय राउत के ताजा बयानों के बाद यह चर्चा गर्म है।

शरद पवार ने महाविकास अघाड़ी दलों के साथ चुनाव लड़ने पर बड़ा बयान दिया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव या 2024 में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने पर उन्होंने कहा, आज हम महा विकास



अघाड़ी का हिस्सा हैं और साथ मिलकर काम करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन केवल इच्छा ही हमेशा पर्याप्त नहीं होती। सीटों के बंटवारे पर समस्या है या नहीं, इस पर अभी चर्चा नहीं हुई है। जो एनसीपी तोड़ेगा, उस पर होगी सख्त कार्रवाई: पवार।

### क्या खतरे में है महाराष्ट्र की शिंदे सरकार

एकनाथ शिंदे समर्थक बागी विधायकों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के 16 विधायकों की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला हफ्ते भर में आने की उम्मीद है। इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं।शरद पवार ने साफ कहा कि आज महाविकास अघाड़ी है, लेकिन कल क्या होगा, कुछ कह नहीं सके।



दतिया की अधिष्ठात्री देवी मां पीतांबरा के प्राकट्य उत्सवके अवसर पर माई पीताम्बरा व दतिया के विकास पर केंद्रित एक कैलेंडर का आज गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने विमोचन किया।

## जंतर-मंतर पर पहलवानों का प्रदर्शन, फुटपाथ पर सोए

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना दूसरे दिन सोमवार को भी जारी है। सभी ने रविवार की पूरी रात सड़क पर गुजारी। वहीं सो गए। देर रात विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने एक वीडियो भी जारी कर लोगों से समर्थन के लिए जंतर-मंतर पहुंचने की अपील की। इसके बाद पहलवानों के परिजन भी उनके समर्थन में आ गए हैं। चरखीदादरी स्थित गांव बलाली से विनेश फोगाट के परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। इस बीच बजरंग पूनिया ने कहा कि इस मंच पर सभी राजनीतिक दलों का स्वागत है।





## विमान से टकराया पक्षी इंजन में लगी आग, लेंडिग

**वाशिंगटन।** अमेरिकन एयरलाइंस का एक विमान बड़े हादसे का शिकार होते होते बच गया। रविवार को विमान में आग लगने से इमरजैंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, घटना उस वक्त हुई जब विमान से एक पक्षी टकरा गया और इंजन में आग लग गई। हालांकि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि अमेरिकन एयरलाइंस का बोइंग- 737 विमान ने जैसे ही उड़ान भरी वैसे ही उससे एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। आग लगने की घटना कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। वहीं, विमान की इमरजेंसी लैंडिंग अमेरिका के ओहायो एयरपोर्ट पर कराई गई। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# कुन्बी समाज के परिचय एवं सम्मान समारोह शामिल हुए विधायक रामेश्वर शर्मा



## क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार ने आयोजित किया कार्यक्रम





**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार द्वारा परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार शाम को कोलार की राजहर्ष कॉलोनी स्थित एकता पार्क में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 83 के पार्षद रविद्र यति उस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा के श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, अटल बिहारी वाजपेयी मडल अध्यक्ष मनोहर मीणा के साथ ही संगठन के अध्यक्ष भोजराज मगरदे, सचिव राजू पाटनकर, उपाध्यक्ष जगन मगरदे, दुर्गादास देशमुख, कोषाध्यक्ष अशोक धोटे, सह कोषाध्यक्ष जगन्नाथ सातव, गणेश काले, विजय भोपते, सवयराव ठाकरे, शंकरराव माकोड़े आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में मंच पर देहदान संकल्पकर्ता समाज की वरिष्ठ महिला चिन्धी मगरदे भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्षत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला एवं संगठन द्वारा समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ क्षत्रपति महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में आए सभी सामाजिक जनों का सम्मान संगठन की ओर से किया गया। इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। इसमें एक से बढ़कर एक भजनों की सुमधुर प्रस्तुति का बड़ी संख्या में मौजूद समाज के लोगों ने आनंद लिया।

## महापौर मालती राय पिछड़ा दलित विकास महासंघ के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में हुई सम्मिलित

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय पिछड़ा दलित विकास महासंघ भोपाल के जिला कार्यकर्ता में सम्मिलित हुई। सुभाष यादव भवन (समन्वय भवन) में रविवार को आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पिछड़ा दलित वर्ग के उत्थान के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थितजन को दी। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि पिछड़ा दलित वर्ग के विकास एवं उत्थान के लिए हम सभी को मिलकर हर संभव प्रयास करना होगा तभी इसके सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। महापौर श्रीमती राय ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी प्रेषित की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, गोविन्दपुरा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, वार्ड क्र. 62 के पार्षद श्री राजेश चौकसे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, महासंघ के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद में पंच कल्याण प्रतिष्ठान रथ यात्रा महोत्सव आयोजित

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग एवं महापौर श्रीमती मालती राय ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद में आयोजित त्रिदिवसीय पंच कल्याण प्रतिष्ठान रथ यात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। त्रिदिवसीय पंच कल्याण प्रतिष्ठान रथ यात्रा महोत्सव में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग एवं महापौर श्रीमती राय ने महाराज जी का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारीगण व जैन समाज के श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बोरवन पार्क में महिलाओं के लिए अलग परिसर में होगी व्यायाम व योग शाला



**संत हिरदाराम नगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय बोरवन पार्क में अब महिलाओं के लिए अलग से व्यायाम की व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए यह व्यवस्था की जाएगी। बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया कि पार्क में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पुरूष और महिलाएं वॉक के लिए पहुंचते हैं यहां पर अलग से महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान तय किया गया है जिससे महिलाओं भी व्यायाम व योगा कर सकेगी। उन्होंने बताया कि यहां पर जल्द ही बच्चों के लिए झूले भी लगाए जायेंगे। अभी पार्क में वॉक के लिए 500 मीटर बनाया गया, मंकी रोप, वर्टिकल रोप, चिनअप बार, लांग-हाई जम्प पिट आदि के साथ-साथ, दौ?-वाल्क के लिए सभी रूट्स पर हर 100 मीटर पर मार्किंग स्टोन लगाए गए है।

## बैरागढ़ कलां में कम वोल्टेज से रहवासी हो रहे परेशान, करेंगे प्रदर्शन



**संत हिरदाराम नगर।** गर्मी में बैरागढ़ के कई क्षेत्र में बार-बार बिजली गुल होने से रहवासी परेशान हो रहे हैं। बैरागढ़ कला में बिजली कम वोल्टेज की परेशानी हो रही है। रहवासी चेतन पाटिल ने बताया कि बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है हमने बैरागढ़ कलां में स्ट्रीटं लाइट की मांग की थी जो लगाई गई लेकिन कम वोल्टेज के कारण बंद पढ़ी हुई है। जिससे पूरी कॉलोनी में अंधेरा रहता है इससे अनहोनी घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है रात को बच्चे भी बाहर नहीं खेल पाते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली समस्या से जल्द छूटकारा नहीं मिला तो रहवासी मिलकर प्रदर्शन करेंगे।

## गैस्ट्रोकेयर अस्पताल की बिग अपडेट 23- में विशेषज्ञों ने युवा डॉक्टरों को सिखाएं इलाज के नये तरीके



**भोपाल।** बिग अपडेट 23 आठवीं एनुअल कॉन्फ्रेंस ऑफ भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलोजी के दूसरे दिन रविवार को सीएमई का आयोजन किया गया। इसकी ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ संजय कुमार के अनुसार देशभर से आए नामचीन गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट ने भोपाल और प्रदेशभर के युवा फिजिशियन व डॉक्टरों को मरीज देखभाल पर अपने अनुभव साझा किए। इसमें पेट व लीवर की बीमारियों, उनके दुष्परिणाम और उनसे कैसे बचा जाए इसकी जानकारी विशेषज्ञों ने मौजूद प्रतिभागियों को दी। उन्होंने आगे बताया कि इस सीएमई की खास बात यह है कि इसमें सरल भाषा में मौजूद युवा डॉक्टरों को गंभीर विषयों की जानकारी दी गई है। जिससे वह अपने अपने क्षेत्र में इसे बेहतर ढंग से उपयोग कर मरीजों को बेहतर इलाज दे सकें। पीजीआई चंडीगढ़ से आए डॉ अजय दुसेजा ने अपने व्याख्यान के दौरान कहा कि नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में डॉक्टरों को जरूरी है की मरीज का इलाज सभी जांच और पहलुओं को समझने के बाद ही करना चाहिए।

## हुजूर विधान सभा क्षेत्र में 51 हजार हनुमान चालीसा पाठ



भोपाल। विष्णु विश्वकर्मा मित्र मण्डल द्वारा हुजूर विधान सभा क्षेत्र में 51 हजार हनुमान चालीसा पाठ का क्रम चलया जा रहा है। परशुराम जन्मोत्सव, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर हुजूर विधान सभा के वार्ड क्रमांक 5 संत नगर मे 51 हजार हनुमान चालीसा पाठ के निरंतर क्रम मे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जो की छिंद धाम मे गदा अर्पण कर संकल्प को पूर्ण किया जायेगा।

# चित्रांश भवन में आयोजित नाट्य कार्यशाला में प्रतिभा का प्रदर्शन कर पारंगत हो रहे प्रतिभागी

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



चित्रगुप्त समाज भोपाल के सानिध्य में एकरंग सौश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा चित्रांश भवन जवाहर चौक टी टी नगर भोपाल में एक माह की नाट्य कार्यशाला आयोजित की जा रही है। नाट्य कार्यशाला में 5 से 50 वर्ष तक के लगभग 48 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रतिदिन 2 घंटे विभिन्न विधाओं में उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिभागी भी पूर्ण तन्मयता से बढ़ चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विधाओं में और अधिक पारंगत हो रहे हैं।

चित्रगुप्त समाज भोपाल के अध्यक्ष राजेश नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि इच्छुक कोई भी कायस्थ प्रतिभागी जिनकी उम्र पांच वर्ष से पचास वर्ष हो वो उक्त कार्यशाला में विभिन्न विधाओं म्यूजिक एण्ड सिंगिंग, बाड़ी मूवमेंटस, वाकेवरली डेवलपमेंट एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार की विभिन्न जन?उपयोगी गतिविधियों निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, निशुल्क विधिक सहायता शिविर, निशुल्क वस्त्र वितरण, निशुल्क पुस्तक वितरण, निशुल्क खिलोने वितरण, प्रतियोगी परीक्षाओं में बाहर के बच्चों को विश्राम कक्ष में ठहरने की सुविधा जैसे अनेकों कार्य चित्रगुप्त समाज भोपाल द्वारा समजहित व जनहित में निरंतर किए जा रहे हैं जिसका लाभ अनेकों लोग ले रहे हैं।चित्रगुप्त समाज भोपाल की महिला मंडल प्रमुख / वरिष्ठ रंगकर्मी विभा श्रीवास्तव एवं उनकी टीम इच्छुक प्रतिभागियों को नाट्य कार्यशाला में प्रशिक्षण सांय 5 बजे से सायं 7 बजे तक दे रहे हैं। और अधिक व विस्तृत जानकारी के लिए आप चित्रगुप्त समाज भोपाल की महिला मंडल प्रमुख विभा श्रीवास्तव 9826451999, 99977453999 / एवं कार्यकारणी सदस्य संजीव श्रीवास्तव 9300628365 से संपर्क कर सकते हैं।

# संत रविदास नगर सेवाबस्ती बरखेड़ा में हुआ गायत्री समरसता यज्ञ



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

भारत विकास परिषद अयोध्या एवं सावरकर के सन्युक्त तत्वावधान मे रविवार को संत रविदास नगर सेवाबस्ती बरखेड़ा में गायत्री समरसता यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुरेंद्र बाड़ीका पार्षद वार्ड क्रमांक 57 के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया श्री नीरज सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 56 की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ बन्दोपाध्याय एवं विशेष अतिथि श्री राजेश सिंह भदोरिया (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त-जोन 2 भोपाल ) द्वारा बस्ती की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और उन्हें पुरस्कार स्वरूप शॉल भेंट की गई। यज्ञ को सफल बनाने में गायत्री प्रज्ञा पीठ की ओर से सुरेश श्रीवास्तव पुरोहित प्रमुख, मीना श्रीवास्तव, रानू वरोदे, प्रियंका मालवीय, पंकज मगरदे एवं शिव नारायण जी राजपूत मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत विकास परिषद की ओर से राजुल अग्रवाल संगठन मंत्री दक्षिण प्रांत साधना जैन जी महिला प्रमुख दक्षिण प्रांत आशीष गुर्जरसंस्कार प्रमुख दक्षिण प्रांत श्री बीएल मलगांया अध्यक्ष अयोध्या शाखा ए के मिश्रा सचिव अयोध्या शाखा अमित कछवाहा अध्यक्ष वीर सावरकर शाखा सुभाष वर्मा सचिव वीर सावरकर शाखा रामेश्वर चौहान कोषाध्यक्ष वीर सावरकर शाखा का विशेष योगदान रहा।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने 16 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड-75, 79, 38 एवं 76 में 16 करो? 31 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश एवं प्रदेश में डबल इंजन की सरकार से प्रदेश दोगुनी गति से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नरेला विधानसभा में किये जा रहे विकास कार्यों को इंगित करते हुए कहा कि क्षेत्र में करोड़ों की लागत के विकास कार्यों से नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि वर्ष 2008 के नरेला और आज के नरेला में अंतर स्पष्ट नज़र आता है। वर्तमान में नरेला विधानसभा की हर स?क का उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण हो चुका है। नरेला का खुद का ड्रेनेज सिस्टम है। नालों का चेनलाइजेशन किया गया है। इससे अब नरेला क्षेत्र की बस्तियों में बरसात का पानी नहीं भरता है। उन्होंने कहा कि नरेला के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, नागरिकों की आवश्यकतानुसार विभिन्न क्षेत्रों में सतत विकास कार्य जारी है।

करो?ों के विकास कार्यों की सौगात के लिये रहवासियों ने मंत्री श्री सारंग का पुष्प-वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया।

# सेवा बस्तियों और संस्कार केंद्रों के बच्चों को श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का वितरण

**संत हिरदाराम नगर।** सेवा भारती नानक मंडल द्वारा संचालित मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र कैंसर हॉस्पिटल के सेवाधारियों द्वारा सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केंद्रों के बच्चों को निरंतर श्री रामचरितमानस ग्रंथ का वितरण किया जा रहा है इसी श्रृंखला में सेवा भारती संस्कार केंद्र कृषक नगर करोंद में 51 बच्चों को श्री रामचरितमानस रामायण ग्रंथ का वितरण किया गया। मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया की बच्चे धर्म के प्रति समर्पित और सुसंस्कृत हो हर घर में रामायण पाठ हो इसी उद्देश्य हेतु रामायण वितरण की जा रही है इससे पूर्व संस्कार केंद्र में भगवान श्री सत्यनारायण की कथा उपरांत प्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर पार्षद रीता जगदीश विश्वकर्मा, नवनीत अग्रवाल, अमित जैन तडैया, मनोज सोनी, मनोज शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, सुभाष चंद्र भार्गव, डॉ शैलेंद्र, ललितकांत शर्मा, तृप्ति अग्रवाल, दिनेश पंवार, कुसुम पटेल, उषा पंथी सहित कई उपस्थित थे।



# बाइक टकराने पर हुआ विवाद, विशेष समुदाय ने पति-पत्नी को पीटा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



राजधानी में रविवार रात करीब नौ बजे गौतम नगर में मिलेट्री पुलिया के पास दो बाइक के आपस में टकराने के बाद कहासुनी से शुरू हुआ विवाद सांप्रदायिक रूप लेने लगा। एक विशेष समुदाय के युवक ने अपने परिचितों और रिश्तेदारों को बुला लिया। देखते ही देखते एक सैकड़ा से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और जिस युवक की बाइक टकराई थी, उसके और उसकी पत्नी के सात जमकर मार पीटकर दी। थाने से पुलिस बल उन्हें बचाने पहुंचा तो विशेष समुदाय के युवकों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद आसपास के थानों के बल के साथ कंट्रोल रूम से पुलिस बल और अधिकारियों ने पहुंचकर लोगों को खदेड़ा और मामले को शांत कराया। पुलिस ने घायल को गौतम नगर थाने की बजाय टीला थाने भेजकर एफआईआर कराई है। हालांकि सूचना के बाद टीला थाने में भी कई लोग एकत्रित हो गए कि एफआईआर न की जाए। गौतग नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सौरव सौदा इतवारा में रहता है। उसका साला नारियलखेड़ा में रहता है। साले के बेटे का जन्मदिन था। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे सौरव पत्नी के साथ नारियल खेड़ा जा रहा था। मिलेट्री पुलिस के पास सामने से आ रहे एक युवक की बाइक से सौरभ का वाहन टकरा गया। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। घटना स्थल के पास विशेष समुदाय की कई बड़ी बस्तियां हैं, लोग एक साथ सड़कों पर उतर आए और सौरव सौदा और उसकी पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी। सूचना के बाद सौरभ के ससुराल के लोग भी एकत्रित होने लगे, इसी बीच पुलिस ने दोनों पक्षों को खदेड़कर मामला शांत कराया। सौरव के भाई ने बताया कि पैर में आरेपियों ने तलवार भी मारी है, हालांकि पुलिस ने तलवार मारने की पुष्टि नहीं की है। टीला पुलिस ने फरियादी सौरव सौदा का मेडिकल कराने के बाद मामला दर्ज किया है।



हिन्दू उत्सव समिति भोपाल के अध्यक्ष संतोष साहू के साथ शास्त्री धर्मेंद्र शास्त्री ।

## मंत्री ने बालक छात्रावास भवन का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले के पाली विकास खण्ड की ग्राम पंचायत चौरी में 333 लाख रूपए लागत के सीनियर बालक छात्रावास भवन का भूमि-पूजन किया। मंत्री सुश्री सिंह ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास%% का लक्ष्य लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार बच्चों की पढ़ाई को सुगम बनाने के लिए नि:शुल्क गणवेश, मध्यान्ह भोजन, पाठ्य-पुस्तक, छात्रावास की सुविधा और मेधावी छात्रों के लिए कोचिंग की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने पालकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों की समस्या सुनी और त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री एवं नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल एवं लोधी समाज के प्रतिनिधि प्रीतम सिंह लोधी हरि सिंह लोधी ने पेड़ लगाए।



पूर्व मंत्री एवं नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लोधी समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा अनावरण समारोह में आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवरसर पर समाज के प्रीतम सिंह लोधी भी मौजूद रहे।

## पृथ्वी दिवस: हवन हुआ, रंगोली बनाई, घी का दीपक लगाकर पृथ्वी माता का पूजन किया



**भोपाल।** संस्था आनन्द गोष्ठी के संरक्षक श्री गोविन्द मालू ने बताया कि आज 22 अप्रेल को पृथ्वी दिवस पर संस्था द्वारा प्रति वर्ष पृथ्वी दिवस पर यह आयोजन किया जाता है। यह छटा वर्ष है।इसी तारतम्य में सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों व घरों में गायत्री मंत्र और अथर्ववेद के चार मन्त्रों इन्द्राय स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, अग्नये स्वाहा, सोमाय स्वाहा से सूर्यास्त के पूर्व हवन किया तथा संध्याकाल में घी का दीपक तुलसी जी के समीप प्रज्वलित किया। साथ ही इस अवसर पर सामूहिक संकल्प दोहराया कि हे धरती माँ जो कुछ भी तुमसे लूँगा उतना ही तुझे वापस करूँगा, तेरी जीवनी शक्ति - सहन शक्ति पर कभी आघात नहीं करूँगा। मौनी बाबा आश्रम गायत्री नगर पर महंत रुक्मणी देवीजी के सान्निध्य में भी पृथ्वी दिवस सामूहिक रूप से मनाया गया। इस अभियान के तहत, शहर को 11 क्षेत्रों में बांट कर मोबाइल और सोशल मीडिया पर ऐसा आग्रह कर प्रचार किया गया था।151 स्थानों पर यह आयोजन हुआ। मंत्रोच्चार के साथ हवन पंडित रामचन्द्र शर्मा वैदिक ने फेसबुक लाइव किया। मुख्य आयोजन पूर्णोदय बृजेश्वरी में गोविन्द मालू और ऊष्मा मालू के नेतृत्व में किया गया।सभी ने अक्षय तृतीया पर धरती की सम्पदा को अक्षुण्ण बनाए रखने का भी संकल्प लिया। समिति के सर्वश्री शिवप्रकाश अजमेरा,डी. एन. तिवारी,अमित विजयवर्गीय,संजय चंडक, केदार हेड़ा,अंशुल पंडित, आदर्श सचान, रचना गुप्ता, मंजू चतुर्वेदी,मंजू कुशवाह, अनिता व्यास, रश्मि गुप्ता,बबिता सोलंकी, राजेन्द्र असावा, लक्ष्मीकांत बंग,अंकित चोपड़ा, गोलू रघुवंशी,शैलेन्द्र राठौर, विपिन तिवारी, धनंजय गुंजाल, नितिन पाटीदार, राधिकेश सराफ,भानु शर्मा, दिनेश गर्ग, सुनील वर्मा,विपुल गोयल,अंकित दवे,सुनील पुरोहित,अमित ङ्कसुमित झा ने अपने अपने घरों व क्षेत्रों में भी हवन,पूजन व दीप प्रज्जवलित कर पृथ्वी माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर संकल्प लिया गया ।पृथ्वी दिवस पर आज हवन हुआ, रंगोली बनाई, घी का दीपक लगाकर पृथ्वी माता का पूजन किया।

## सीताराम नाम जप महायज्ञ के लिये निकलेगी कलश यात्रा, नर्मदा जल लेने पहुंचेगी बरमान



**सागर।** राजघाट माँ शारदा देवी मंदिर प्रागण्य में परम तपस्वी संत श्री आत्मानंददास जी त्यागी नेपाली बाबा के सानिध्य में होने वाले श्री सीताराम नाम जप 1008 कुंडीय महायज्ञ के लिये आज प्रात: 09:30 बजे राजघाट से बरमान के लिये नर्मदा जल लेने हेतु कलश यात्रा प्रस्थान करेंगी जिसमें सभी यजमान, यज्ञ समिति के सदस्य तथा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

प्रात: 09:30 राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत कलश यात्रा को बरमान के लिये रवाना करेंगे। जानकारी देते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मेला प्रवक्ता राजकुमार बरकोटी ने बताया कि प्रात: 09:30 बजे सभी श्रद्धालु यजमान बरमान के लिये रवाना होंगे जो 1 बजे बरमान पहुंचेगे जहां राजस्व एवं परिवहन मंत्री सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे एवं नर्मदा जल से सभी यजमान 9 दिन तक यज्ञ शाला में शिवजी का अभिषेक करेंगे। इस कलश यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, वीरेन्द्र पाठक, संतोष सिंह सहित सभी यजमान, यज्ञ समिति के सभी सदस्य, भजन मंडलियां, श्रद्धालुगण एवं धर्मप्रेमी बंधु सैकड़ों की संख्या में शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री से देश भर से प्रदेश की यात्रा पर आए युवा प्रतिनिधि-मंडल ने की भेंट

# सरकार तड़प-जिद-जुनून और जज्बे से दिन रात जन-सेवा में जुटी : शिवराज सिंह

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से देश भर से प्रदेश की यात्रा पर आए युवा प्रतिनिधि-मंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जन-कल्याण और विकास के विभिन्न कार्य और गतिविधियाँ तेजी से हो रही हैं। सरकार तड़प, जिद, जुनून और जज्बे के साथ दिन-रात जनता की सेवा में लगी हुई है। राज्य सरकार की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण का अभिनव प्रयास है। सुशासन की दृष्टि से भी कई प्रयोग किए जा रहे हैं। प्रदेश में शिकायतों के निवारण के लिए समाधान ऑनलाइन, सीएम हेल्प लाइन और जन-सुनवाई की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, कृषि, शिक्षा, स्वच्छता और सुशासन के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। आज मध्यप्रदेश का बजट 3 लाख 14 हजार करोड़ रूपए हो गया है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपए से बढ़ कर अब एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। टेक्नॉलाजी का उपयोग करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश की जीडीपी में मध्यप्रदेश का 4.6 प्रतिशत योगदान है। प्रदेश में 68 हजार करो? रूपए के सिंचाई परियोजनाओं के कार्य चल रहे हैं। सीएम राइज स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर बनाया जा रहा है। वेस्ट-टू-वेल्थ की अवधारणा को साकार करते हुए कचरे से बिजली बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। जैविक खेती में मध्यप्रदेश नम्बर वन है। युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिये प्रदेश में युवा नीति बनाई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उज्जैन में श्रीमहाकाल महालोक बनाया गया है। ओंकारेश्वर में जगत गुरू आदि शंकराचार्य की प्रतिमा और अद्भुत लोक स्थापित होगा। युवा प्रतिनिधि-मंडल ने प्रदेश की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और अन्य विशेषताओं की सराहना की। प्रतिनिधि-मंडल में सर्वश्री रोहित चहाल, अभिनव प्रकाश सिंह, वैभव पवार, रंजीत सिंह चौहान सहित अन्य युवा शामिल थे।

## आर्टलोक स्टूडियोज़ ऑफ रियलीस्टिक विज़ुअलाइज़ेशन द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क नाट्य कार्यशाला समरशाला का आयोजन



**भोपाल।** आर्टलोक स्टूडियोज़ ऑफ रियलीस्टिक विज़ुअलाइज़ेशन द्वारा 6 साल से 16 साल के बच्चों के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क नाट्य कार्यशाला समरशाला का आयोजन 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक श्याम नगर , स्लम एरिया, बिट्ठन मार्केट में किया गया । इस कार्यशाला में लगभग 40 बच्चों ने भागीदारी करी तथा नाट्यकला के विभिन्न गुर सीखें। संस्था के अध्यक्ष अपूर्व दत्त मिश्रा ने बताया की कार्यशाला के पहले दिन बच्चों को अभिनय की बारीकियाँ बतायी गयीं, दूसरे दिन संगीत के सुरों एवं वाध यंत्रों के बारे में बताया गया तथा खेलों के माध्यम से सुर -ताल का अभ्यास करवाया गया और तीसरे दिन नृत्य के बेसिक्स से अवगत करवाया गया। उन्होंने ये भी बताया कि इस समर शाला में बच्चों ने रोचक और कलात्मक तरीकों से अभिनय के माध्यम से आपस में सामंजस्य बैठाना , संगीत के माध्यम से ध्यान केंद्रित करना और नृत्य के माध्यम से संतुलन बनाना सीखा।

# 1947 तक बड़े तालाब का पानी बिना किसी शोधन के सीधे घरों में जाता था



**भोपाल।** भोज वेटलैंड एक ऐतिहासिक वेटलैंड है किसे 11 वीं सदी में परमार राजा भोज ने बनवाया था। यह मानव निर्मित हाइड्रेलिक प्रणाली का एक हिस्सा था जिसमे बेतवा नदी शामिल थी। ये जानकारी प्रसिद्ध लैंडस्केप आर्किटेक्ट और मौलाना आ?ाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑ? टेक्नोलॉजी की प्रो?ेसर सविता राजे ने कही। वे इंडियन सोसाइटी ऑ? लैंडस्केप अर्किटेक्ट्स द्वारा वर्ल्ड लैंडस्केप आर्किटेक्ट मंथ और अर्थ डे पर आयोजित भोज वेटलैंड वॉक में व्याख्या कर रही थीं। भोज वेटलैंड अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की %रामसर साइट% है जिसका भोपाल शहर के जनजीवन से गहरा नाता है। यह वॉक कमला पार्क से शुरू होकर शीतल दास की बगिया होते हुए पाथ-वे होते है समाप्त हुआ। विशेषज्ञों ने वॉक में शामिल लोगों को बड़े और छोटे तालाब के बीच में मिट्टी से बने बाँध% के विषय में बताया कि प्रमुख रूप से ब? तालाब के रिसाव से छोटा तालाब करीब 200 साल पहले बना है और छोटे तालाब का पानी बिल्कुल भी पीने लायक नहीं है क्यों कि हमने इसे तरह-तरह से प्रदूषित कर दिया है।

भोज वेटलैंड प्रोजेक्ट की शुरुआत से जु?

### इंडियन सोसाइटी ऑ? लैंडस्केप अर्किटेक्ट्स का अर्थ डे पर वेटलैंड वॉक

पर्यावरण विद और नेशनल सेंटर ?ॉर ह्यूमन सेटलेमेंट्स एंड एनवायरनमेंट के महानिदेशक डॉ प्रदीप नन्दी ने बताया कि 1930 में स्टीम इंजिन द्वारा ब? तालाब से घरों में जल प्रदाय शुरू किया गया और पानी इतना सा? था कि 1947 तक बिना किसी शोधन प्रक्रिया के धरों में सीधे भेजा जाता था।

विशेषज्ञों में कहा कि तालाब में प्रचुर जैव विविधता है। हमने ही तालाबों की उपयोगिता को नहीं समझा और उन्हें प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं रखी जिससे पानी मे पनपने वाले जीवजन्तु और वनस्पतियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं जबकि यही एक्वाटिक लाइ? पानी को शुद्ध करती है।आज के वॉक में मैनिट, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी, आमजन, युवा एवं बच्चे सहित लगभग 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ये भोज वेटलैंड वॉक श्रृंखला का पहला चरण था। आगे भी बड़े तालाब के इर्द-गिर्द ऐसे वॉक आयोजित होते रहेंगे।

## प्रदेश में लंपी वायरस का अलर्ट, चार हजार गोवंश में दिखे लक्षण,



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने लंपी वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और रीवा जिले में गोवंश में लंपी वायरस के लक्षण दिखे हैं। इसके बाद विभाग ने प्राथमिक रूप से टीकाकरण और इलाज के साथ ही लोगों को जागरूक करने का काम शुरू कर दिया है। वहीं, पशुओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की तरफ से बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और रीवा समेत सभी जिलों को एडवाइजरी जारी की गई है। विभाग के संचालक डॉ. आरके मेहिया ने बताया कि बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और रीवा में अलर्ट जारी किया गया। गोवंश में चार हजार लंपी वायरस के लक्षण मिले हैं। उन्होंने बताया कि मार्च से लेकर अभी तक 20 गोवंश की मौत हो गई। डॉ. मेहिया ने कहा कि पशु चिकित्सा विभाग के सभी जिलों के डॉक्टरों को एडवायजरी जारी कर क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखने को कहा है। गोवंश पालकों से अपील की है कि संक्रमित गोवंश को स्वस्थ गोवंश से दूर रखें। मच्छर और मक्खी को दूर रखने के लिए धुआं या अन्य प्रबंध करें। पशु चिकित्सा विभाग की टीम प्रदेश में दौरे कर रही है।

## स म्पा द की य

# बयानों से बवंडर का बिगुल?

क्या महाराष्ट्र की राजनीति में वाकई कुछ बड़ा परिवर्तन होने वाला है? इसे नया भूचाल कह सकते हैं? क्या यहां किसी भी वक्त मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं? एनसीपी नेता अजित पवार और सुप्रिया सुले के ट्वीट के बाद गरमाई राजनीति में शरद पवार, उद्धव ठाकरे और संजय राउत के ताजा बयानों से ऐसा लगता है कि अंदर ही अंदर बहुत कुछ पक रहा है। शिंदे गुट के विधायकों के अयोग्य घोषित होने की आशंकाओं के चलते भाजपा के रणनीतिकारों की चुप्पी इस मामले को और रहस्यमय बना रही है।

असल में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने महाविकास अघाड़ी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। शरद पवार ने यह कहा है कि फिलहाल महाविकास अघाड़ी है लेकिन कल रहेगी या नहीं इसका पता नहीं। अब पवार का यह बयान उद्धव ठाकरे और शिवसेना के लिए मुश्किलें बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। शरद पवार ने यह भी कहा है कि एमवीए के तीनों घटक दल एकसाथ चुनाव लड़ेंगे या नहीं इस पर भी कोई फैसला नहीं हुआ है। जबकि उद्धव ठाकरे गुट काफी दिनों से एक साथ आगामी चनाव लड़ने की बात कहता रहा है। ऐसे में पवार का यह विरोधाभासी बयान काफी अहम माना जा रहा है।

शरद पवार से यह सवाल पूछा गया था कि साल 2024 के चुनाव महाविकास एक साथ लड़ेगी? इसके अलावा क्या वंचित बहुजन अघाड़ी को भी एमवीए में शामिल किया जायेगा। जवाब में शरद पवार ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी के साथ इस विषय पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। हमने सिर्फ कर्नाटक चुनाव में यह गठबंधन किया है। हालांकि, महाविकास अघाड़ी चुनाव में एकसाथ लड़ेगी इसपर अभी कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। अभी सीट शेयरिंग समेत कई मुद्दे हैं जिनपर अभी चर्चा होना बाकी है। इसलिए साथ में चुनाव लड़ने के बारे में कुछ नहीं कह सकते हैं।

असल में एकनाथ शिंदे समर्थक बागी विधायकों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिदे गुट के 16 विधायकों की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला हफ्ते भर में आने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में जिस तरह का रुख अपनाए हुए है, उससे ऐसा लग रहा है कि कोर्ट के फैसले के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। पिछले साल शिवसेना की अगुवाई वाली महाविकास आघाड़ी की सरकार जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गुट की ओर से 16 विधायकों की सदस्यता की वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखा हुआ है। यदि संविधान पीठ के फैसले में इन 16 विधायकों की सदस्यता को अवैध ठहराया जाता है तो अभी चल रही एकनाथ शिदे सरकार खतरे में पड़ सकती है।

इस बीच, उद्धव ठाकरे और उनके करीबी संजय राउत ने महाराष्ट्र में चुनावों की बात कही है। राउत ने दावा किया कि वर्तमान मुख्यमंत्री और उनके 40 विधायकों की सरकार 15 से 20 दिन में गिर जाएगी। अब यह तय होना है कि कौन इस पर हस्ताक्षर करेगा। वहीं उद्धव ठाकरे ने भी कहा है कि महाराष्ट्र में किसी भी समय चुनाव हो सकते हैं और हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं।

ये तमाम चर्चाएं और अटकलें तब तेज हुईं, जब जब एनसीपी नेता अजित पवार का बयान आया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि वे सीएम भी बन सकते हैं। इसके बाद से उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि अजित पवार ने इससे इन्कार किया है, लेकिन कहा जा रहा है कि यह भी भाजपा का प्लान है। यदि शिंदे समर्थक विधायक अयोग्य घोषित होते हैं, तो भाजपा अजित पवार का समर्थन ले सकती है। हालांकि शरद पवार इसके लिए तैयार नहीं दिखते, पर जब उनकी बेटी सुप्रिया सुले का ट्वीट आया तो उन्होंने भी अपना रुख बदलना शुरू कर दिया।

वैसे शरद पवार की बात करें तो पवार ने जब विपक्ष की अडाणी मामले को लेकर जेपीसी की मांग को गलत बताया, तभी से अटकलों का दौर शुरू हो गया था कि महाराष्ट्र की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। हालांकि बाद में उन्होंने अपना बयान बदलते हुए यह कहा कि विपक्ष की एकता के लिए वे जेपीसी की मांग का समर्थन कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद भतीजे अजित पवार का बयान, फिर उनके साथ एनसीपी के चालीस विधायकों के भाजपा में जाने की अटकलें और फिर उद्धव, राउत के बयानों से महाराष्ट्र की राजनीति में चल रही हलचल के और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। आखिर में जब पवार ने यहां तक कह दिया कि पता नहीं महाविकास अघाड़ी कल रहेगी या नहीं, तो अब यह तय माना जा रहा है कि शिंदे गुट के विधायकों की सदस्यता जाने पर भाजपा एनसीपी को तोड़ सकती है या अजित पवार को फिर से डिप्टी सीएम का पद देकर चालीस विधायकों वाली एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना सकती है। क्या होगा? तब तक नहीं कहा जा सकता, जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता।

Vallabh Bhawan Corridors 2 Central Vista

# कर्नाटक चुनाव का मध्यप्रदेश कनेक्शन

**सुरेश तिवारी**

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए एक तरह से लिटमस टेस्ट की तरह होंगे। इस चुनाव के




नतीजे आगे होने वाले तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के कई फैसलों पर असर डालेंगे। यदि कर्नाटक में भाजपा को जीत हासिल होती है, तो उसका रवैया अलग होगा। हो सकता है पार्टी नेतृत्व का रवैया सख्त हो जाए। लेकिन, यदि भाजपा कर्नाटक में हारती है, तो इन तीनों राज्यों में भाजपा का रवैया बिल्कुल अलग होगा।

खासकर मध्यप्रदेश में भाजपा का पार्टी नेतृत्व कोई रिस्क लेना नहीं चाहेगा। क्योंकि, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में एक मध्य प्रदेश ही है, जहां भाजपा की सरकार है और वह इसे किसी कीमत पर खोना नहीं चाहती। यदि कर्नाटक में भाजपा को जीत हासिल नहीं होती है, तो यह मानकर चलना चाहिए कि विधानसभा चुनाव से पहले एमपी में बहुत कुछ बदल सकता है और जो बदलाव होगा वह चुनाव जीतने की कोशिशों के लिए होगा।

**भाजपा इस बार कोई कसर नहीं छोड़ रही**

भाजपा इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर



काफी मुस्तैद है। इस बार पार्टी हर सीट को गंभीरता से ले रही है। क्योंकि, पिछली बार अति आत्मविश्वास की वजह से जो गलती हुई, उसे किसी भी कीमत पर दोहराना नहीं चाहती। एक-एक जिले से कई तरीकों से फीडबैक लिया जा रहा है। अब कार्यकर्ताओं की भी पूछ परख हो रही है। बड़े नेता छोटे कार्यकर्ता की बात को गंभीरता से ले रहे हैं।

पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को प्रदेश के हर जिले की रिपोर्ट भेजी जा रही है। कहा जा रहा है कि ये रिपोर्ट विधानसभा चुनाव में टिकट फाइनल करने का भी आधार बनेगी। भाजपा ने पिछला चुनाव हारा था। लेकिन, इस बार उसी हार को चुनौती की तरह लिया जा रहा है। इसलिए कि जो गलतियां हुई थी वो दोहराई न जाए!

पार्टी अपनी भावी रणनीति के तहत एक-एक सीट का गंभीरता से अध्ययन कर रही है। जीत को पुख्ता बनाने के लिए हाल पार्टी नेतृत्व ने प्रदेश के 14 प्रमुख नेताओं को जिलों की जिम्मेदारी बांटी है। इन सभी नेताओं ने अपने-अपने जिलों का दौरा कर रिपोर्ट को राज्य नेतृत्व के साथ साझा किया। इस दौरान विधायकों, सांसदों, राज्य सरकार के प्रभारी मंत्रियों व अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ताओं की राय जानी गई। कई क्षेत्रों में पार्टी के मौजूदा विधायकों को लेकर नाराजगी भी सामने आई। खास बात यह है कि इन नेताओं के सामने कई जगह कार्यकर्ताओं ने भावी चेहरे को लेकर भी राय दी।

**अब एमपी वापस नहीं लौटेंगे अनुराग जैन**



भारतीय प्रशासनिक सेवा में मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अनुराग जैन को केंद्रीय रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का सचिव बनना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे अब मध्य प्रदेश वापस नहीं लौटेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने बहुत विश्वास करके उन्हें यह महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है। वैसे भी अनुराग जैन प्रधानमंत्री के विश्वसनीय अधिकारियों में शामिल हैं।

अगले 1 साल बाद लोकसभा का चुनाव होना है और पूरे देश में सड़कों का जाल फैलाया जा रहा है। चुनाव दृष्टि से यह काम बहुत अहम है। इसमें कोई शक नहीं कि अनुराग एक योग्य और परिणाम देने वाले अधिकारी हैं और निश्चित रूप से इस मंत्रालय में वे अपनी योग्यता को साबित कर दिखाएंगे। बता दें कि अभी तक उन्हें मध्य प्रदेश के अगले चीफ सेक्रेट्री की लिस्ट में भी जोड़कर देखा जा रहा था। लेकिन, रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय में सचिव का पद मिलने के बाद अब उनके मध्य प्रदेश लौटने की संभावना नहीं के बराबर है। यह भी कहा जा रहा है चीफ सेक्रेटरी बनने में वे रुचि भी नहीं रखते। क्योंकि, दिल्ली में उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उनकी रूचि की भी है।

**राजनीति में महाकाल का नाम आने से पंडित नाराज**

राजनीति में भगवान महाकाल का नाम लेना महाकाल मंदिर के पुजारियों को ठीक नहीं लगा! इसलिए कि उनकी नजर में भगवान महाकाल कभी किसी का बुरा नहीं करते, इसलिए अपनी राजनीतिक बद्दुआ में महाकाल का नाम नहीं लिया जाना चाहिए। इसलिए कि भगवान के लिए सभी बराबर हैं।



प्रदेश की राजनीति में इन दिनों नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। कांग्रेस के बड़े नेता दिग्विजय सिंह ने मीडिया के एक सवाल के जवाब में ज्योतिरादित्य सिंधिया पर टिप्पणी की थी। थोड़ी देर बाद सिंधिया ने ट्वीट करके उसका जवाब दिया। लेकिन, ये जुबानी जंग दोनों नेताओं तक सीमित नहीं रही और न रहना थी। इसके बाद कैलाश विजयवर्गीय, सीएम शिवराज सिंह और यहां तक कि मंत्री महेंद्र सिसोदिया और तुलसी सिलावट भी जुबानी जंग का हिस्सा बन गए।

राजनीतिक बयानबानी में बार-बार भगवान महाकाल का नाम लिया गया। सभी ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए की आड़ ली, जिसे सही नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि महाकाल मंदिर के पंडित और पुरोहितों के लिए ये नाराजगी का कारण बन गया। उनका कहना है कि नेताओं को अपने फायदे के लिए भगवान का नाम लेना गलत है। भगवान से किसी के लिए गलत प्रार्थना करना ठीक नहीं है। उनका अनुरोध है कि नेता भगवान महाकाल को अपने राजनीतिक बयानों से दूर रखें।

**आखिर कब फिरेंगे रिटायर्ड आईएएस उप्पल के दिन**



भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी शमशेर सिंह उप्पल अपने रिटायरमेंट के बाद से लगातार भारतीय जनता पार्टी की सेवा में एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें अपने पिछले कार्यकाल में राज्य मंडी बोर्ड का उपाध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया था। ये शिवराज सरकार की पुरानी पारी की कहानी है। शिवराज सरकार की वर्तमान पारी को भी 3 साल हो गए, लेकिन शमशेर सिंह उप्पल के दिन नहीं फिर रहे। सरकार आए दिन किसी आयोग, बोर्ड और प्राधिकरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कर रही है लेकिन उप्पल का नाम कहीं अभी तक दिखाई नहीं दिया है।

बताया गया है कि उनकी याद तो सरकार को तब आती है, जब चुनाव के दिन होते हैं। क्योंकि, वे चुनाव में पार्टी की तरफ से पत्र आदि तैयार करने के विशेषज्ञ माने जाते हैं। लेकिन, उनका उपयोग केवल उतना ही होता है। बाद में सरकार उनको भूल जाती हैं। भाजपा के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में आखिर उनमें ऐसी क्या कमी है, जो सरकार उनको उपकृत नहीं कर रही!

नंदकुमार सिंह जब प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष थे तब वे उनके विशेष सचिव हुआ करते थे। पार्टी में उनकी स्थिति पावरफुल थी। उनके निधन के बाद उनकी पूछ परख में भी बहुत कमी आ गई। अब तो स्थिति ये आ गई कि वे हाशिए से भी किनारे कर दिए गए!

**एमपी काडर के आईएएस अधिकारी की केंद्र से वापसी**

मध्य प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी बलबीर सिंह अपने काडर वापस जा रहे हैं। डीओपीटी के आदेश के अनुसार 1996 बैच के सिंह की डेपुटेशन अवधि में छूट देते हुए उन्हे तत्काल प्रभाव से वापस किया जा रहा है। वे आई बी मे संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात थे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें एमपी में किस पद पर तैनात किया जाता है।

**केंद्र में सचिव स्तर के फेरबदल से एमपी भी प्रभावित**

केंद्र सरकार में हाल ही में सचिव स्तर के अधिकारियों के फेरबदल में मध्यप्रदेश कैडर के अधिकारी भी प्रभावित हुए हैं। 1989 बैच के अनुराग जैन को परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय का सचिव बनाया गया है। पहले वे डिपार्टमेंट आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के सचिव थे जिस पर मेक इन इंडिया के कार्यान्वयन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। माना जा रहा है कि केंद्र में यह अहम जवाबदारी मिलने के बाद मुख्य सचिव की दौड़ में किसी समय अग्रणी रहे अनुराग जैन अब मध्यप्रदेश में वापसी नहीं करेंगे। परिवहन तथा राजमार्ग मंत्रालय की सचिव अलका उपाध्याय को पशुपालन और डेयरी विभाग का सचिव बनाया गया है। श्रीमती उपाध्याय मध्य प्रदेश काडर की 1990 बैच की आईएएस अधिकारी है।

**केंद्र में फैज अहमद किदवई की दूसरी पारी**



मध्य प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी फैज अहमद किदवई दूसरी बार केंद्र में डेपुटेशन पर आ रहे हैं। यू पी ए सरकार के समय वे राष्ट्रपति भवन में निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इस बार वे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय मे अपर सचिव हो कर आ रहे हैं। इस मंत्रालय के कबीना मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर है और वे भी मध्य प्रदेश के ही है। किदवई 1996 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# बेहतर शहरी नियोजन और प्रबंधन आवश्यक

**-राकेश दुबे**

कल पृथ्वी दिवस था। पृथ्वी पर आबादी का घनत्व काफी अधिक बढ़ गया है,इसके सामाजिक और आर्थिक लाभ भी हैं, लेकिन इसके साथ ही दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। इनमें प्राकृतिक आपदाओं से लेकर अचानक घटित होने वाली घटनाएं भी शामिल हैं जो आबादी के लिए खतरा उत्पन्न करती हैं।इसके अलावा अत्यधिक बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा ढांचे की कमी तथा असमान सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, गरीबी का प्रभाव आदि समय के साथ किसी समुदाय के सामाजिक ढांचे को क्षति पहुंचाते हैं और तब लगने वाले झटके और अधिक नुकसानदेह हो जाते हैं।

आज मांग ऐसे प्रशासन की है जो जोखिम को कम करें और बदलते हुए हालात से निपटें। इस संदर्भ में जरूरत इस बात की है कि हम अधिक समायोजन वाला माहौल तैयार करें ताकि जीवन की सुगमता और कारोबार करने की सहजता में सुधार लाया जा सके और शहरी व्यवस्था के लचीलेपन में और अधिक इजाफा किया जा सके।

संयुक्त राष्ट्र का इंसानी बसावट कार्यक्रम यानी यूएन हैबिटेट शहरी लचीलेपन को जिस प्रकार परिभाषित करता है उसका दूसरे शब्दों में यही अर्थ निकलता है कि शहरी लचीलापन दरअसल किसी शहर की व्यवस्था, उसके कारोबारों, समुदायों तथा लोगों की वह क्षमता है जिसके माध्यम से वे तमाम मुश्किलों और तनावों का सामना करते हुए भी हालात से निपटते हैं और समृद्ध होते हैं।

एक शहर अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करके तथा उसकी स्थिरता को चुनौती देने वाले मसलों की बेहतर पहचान करके अपना दायरा तथा अपने रहवासियों की बेहतरी सुनिश्चित कर सकता है। ऐसा करके ही वह यह सुनिश्चित कर सकता है कि तमाम कठिनाइयों के बावजूद शहर का विकास होता रहे। यह शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और वैश्वीकरण जैसे वैश्विक रुझानों को हल करने का मानक भी बनता है।

शहरी लचीलेपन की एक आवश्यकता यह भी है कि शहर अपनी क्षमताओं और अपने समक्ष मौजूद खतरों को व्यापक रूप से परखते रहें। खासतौर पर अपने सर्वाधिक संकटग्रस्त नागरिकों को ध्यान में रखते हुए। शहरी शासन अक्सर खंडित संरचना वाला होता है जहां विभिन्न टीमें संकट से निजात पाने की योजनाएं बनाती हैं, वे टिकाऊपन के मसले पर नजर रखती हैं, आजीविका पर ध्यान केंद्रित करती हैं और अधोसंरचना तथा भू उपयोग नियोजन पर काम करती हैं।

आपस में जुड़ी हुई दुनिया में अलग-थलग नियोजन की मदद से शहरीकरण के दायरे को परिभाषित नहीं किया जा सकता है। शहर लोगों और स्थानों से मिलकर बनते हैं और इनमें अक्सर तेजी से परिवर्तन होता है। अगर लचीला शहरी भविष्य तैयार करना है तो यह आवश्यक है कि हम स्थान आधारित एकीकृत समावेशी, जोखिम से बचाव वाली और भविष्योन्मुखी ढंग से समस्याओं को संबोधित करें और उनके हल विकसित करें।

जो शहर अपने नियोजन और विकास में लचीलेपन को मूल में रखते हैं वे उसके लाभ को अधिक बेहतर तरीके से हासिल कर पाते हैं। इसमें आबादी, अधोसंरचना, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण आदि से संबंधित दबावों और झटकों को बेहतर ढंग से सहने की शक्ति शामिल है।

चूंकि सभी शहरी इलाकों में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी तटीय इलाकों की है इसलिए दुनिया के अधिकांश शहरों में बढ़ते जल स्तर और तूफान के कारण बाढ़ का खतरा भी बहुत अधिक है। हकीकत यह है कि 84 प्रतिशत से अधिक शहर जहां आबादी की वृद्धि सबसे तेज है, उनमें से अधिकांश एशिया और अफ्रीका में स्थित हैं। इन महाद्वीपों को जलवायु के क्षेत्र में बड़े खतरों का सामना करना है।कई उच्च जोखिम वाले शहर चुनौतीपूर्ण महाद्वीपों में स्थित हैं। ये कम विकसित हैं, कम आय वाले हैं और कई मामलों में तो ये छोटे द्वीप समूह रूपी देश हैं। शासन संबंधी कमियां और संसाधन की सीमा हालात को और मुश्किल बनाती है। इस संदर्भ में विश्व बैंक का अनुमान है कि दुनिया भर में सालाना 4.5 लाख करोड़ डॉलर की राशि को शहरी बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश करने की आवश्यकता है

बुनियादी ढांचे को जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से अनुकूल बनाने के लिए 9 प्रतिशत से 27 प्रतिशत के प्रीमियम की आवश्यकता होगी। ये तमाम बातें इस बात पर वजन देती हैं कि शहरी लचीलेपन को कहीं अधिक गंभीरता से देखने की आवश्यकता है।बीते एक दशक से अधिक वक्त में शहरी लचीलापन अंतरराष्ट्रीय विकास की चर्चाओं में प्रमुख जगह ले चुका है। इसने अंतरराष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों के ढांचे में खुद को टिकाऊ शहरी विकास के बुनियादी सिद्धांत के रूप में स्थापित किया है, मिसाल के तौर पर पेरिस समझौता।

शहरी लचीलेपन की बुनियादी बातों को आर्थिक, सामाजिक और जलवायु लचीलेपन में बांटा जा सकता है। आर्थिक लचीलापन टिकाऊपन के नए वित्तीय ढांचे पर आधारित है। सामाजिक लचीलापन सामाजिक संरक्षण को मजबूत करने या सामाजिक सुरक्षा ढांचे को व्यापक बनाने के इर्दगिर्द केंद्रित है। वहीं जलवायु लचीलापन पर्यावरण के अनुकूल निवेश तथा बेहतर बहुस्तरीय सहयोग पर आधारित है।इन जोखिमों से सुरक्षा का सबसे बेहतर तरीका यही है कि बेहतर शहरी नियोजन और प्रबंधन किया जाए। सक्रिय शहरी प्रबंधन रणनीति और अधोसंरचना विकास योजनाओं की बात करें तो इन जोखिमों को ध्यान में रखना उल्लेखनीय बात है। इस संदर्भ में संभावित रुख यह हो सकता है कि सभी शहरी निवासियों को अनिवार्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं और उन परिवारों पर ध्यान दिया जाए जो सबसे अधिक संवेदनशील स्थिति में हैं।

# यूक्रेन के बाद सूडान में 'अग्निपरीक्षा '

**राकेश अचल**

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान फंसे भारतीय छात्रों को स्वदेश लाने के अभियान 'आकाश गंगा' की कामयाबी के बाद अब सूडान में गृहयुद्ध के बीच फंसे भारतीयों को बाहर निकालने के लिए भारत सरकार के सामने एक और अग्निपरीक्षा देने का समय है। सूडान में स्थितियां यूक्रेन से कम भयानक नहीं हैं।

सूडान में नागरिक सरकार को सत्ता हस्तांतरित करने की माँग को लेकर 2021 से ही संघर्ष चल रहा है. मुख्य विवाद सेना और अर्धसैनिक बल 'आरएसएफ' के विलय को लेकर है। गत तीन दिनों से जारी ताज़ा संघर्ष में सूडान के अर्धसैनिक बल 'रैपिड सपोर्ट फ़ोर्स' यानी आरएसएफ और वहां की सेना आमने-सामने हैं. राजधानी खार्तूम में रणनीतिक लिहाज से अहम लगभग सभी जगहों पर झडपें हो रही हैं.दोनों पक्षों ने सूडान की राजधानी खार्तूम के अलग-अलग हिस्सों पर नियंत्रण स्थापित करने का दावा किया है.इस संघर्ष में अब तक 100 नागरिकों के मरने और क़रीब 1,100 के घायल होने का अनुमान है.

सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए सऊदी अरब आगे आया है। सऊदी ने अपने नागरिकों और राजनयिकों के साथ भारत समेत अन्य देशों के फंसे 150 से ज्यादा लोगों निकाला है। सूडान में फिलहाल करीब 3,000 भारतीय फंसे हुए हैं।इनमें से करीब 1,200 भारतीय ऐसे हैं, जिनके परिवार वहां पिछले लगभग 150 सालों से बसे हुए हैं।सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षित निकासी के लिए विदेश मंत्री अमेरिका, सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात से संपर्क में है।

आपको बता दें कि अप्रैल 2019 में ओमर अल बशीर की सरकार गिरी है तबसे सूडान में स्थिरता नहीं आ पाई है और ताज़ा संघर्ष के पीछे कई घटनाओं, तनावों और राजनीतिक संघर्षों की एक लंबी शृंखला है.हिंसा के ताज़ा दौर के पीछे दो मुख्य सैन्य नेताओं के बीच संवाद की कमी है जिन पर देश में नागरिक सरकार की बहाली की ज़िम्मेदारी है: आरएसएफ़ प्रमुख मोहम्मद हमदान दगालो जिन्हें हेमेदती के नाम से भी जाना जाता है और सेना प्रमुख जनरल अब्देल फतेह अल बुरहान। लेकिन इस संघर्ष के कई कारणों में सबसे बड़ा कारण 'सोना' है. पूरे अफ़्रीकी महाद्वीप में सबसे बड़ा सोने का भंडार सूडान में है.सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 2022 में ही सूडान ने 41.8 टन सोने के निर्यात से क़रीब 2.5 अरब डॉलर की कमाई की थी.

जानकारों के मुताबिक़ आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के लिए सोने की खदानें ही आय का मुख्य स्रोत हैं. और इस संघर्ष के समय ये रणनीतिक रूप से अहम हो गई हैं.,लंबे समय से ये आरएसएफ़ का प्रमुख वित्तीय स्रोत रहा है और सेना इसे संदेह से देखती है। अंधाधुन सोने के खनन ने खदानों के आस पास के इलाक़ों पर बहुत बुरा असर डाला है. खदानों के ढहने से मरने वालों की भारी संख्या और शोधन में इस्तेमाल होने वाले मर्करी और आर्सेनिक ने इस तबाही को और गंभीर बना दिया है।

सूडान के मौजूदा संकट को समझने के लिए आपको अतीत के पन्ने पलटने होंगे । साल 1956 में सूडान का इलाक़ा ब्रिटिश शासन से आज़ाद हुआ, इसके बाद एकीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई जो उतार चढ़ाव से भरपूर रही। इस दौरान देश को अपने तेल भंडार के बारे में पता चला और यह मुख्य वित्तीय स्रोत बन गया। 1980 के दशक के मध्य, देश के दक्षिणी हिस्से में आज़ादी के लिए संघर्ष शुरू हो गया और तीखे संघर्षों के बाद 2011 में रिपब्लिक ऑफ़ साउथ सूडान बनने के साथ इस संघर्ष पर विराम लग। दक्षिणी सूडान बनने के साथ ही कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली दो तिहाई आमदनी सूडान के हाथ से चलेगी ।

हकीकत ये है कि 2019 में सेना के तख़्तापलट के कारण ओमर अल बशीर की सरकार गिरने के बाद यह देश दो प्रमुख लोगों के हाथ में चला गया जिनके पास हथियारबंद समूह थे- हेमेदती और अल बुरहान। अन्य कारकों को अगर छोड़ दें तो आरएसएफ़ के पास 70 हजार हथियारबंद लोग और 10,हजार पिकअप ट्रक हैं और वो सूडान का स्वयंभू हथियारबंद समूह बन गया. इतनी बड़ी ताक़त के साथ वो राजधानी ख़ार्तूम को नियंत्रित करने का दावा करने लगा। साल 2021 में दोनों नेताओं ने बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई जिसमें सूडान में एक नागरिक सरकार के गठन का रास्ता साफ़ होता.

उल्लेखनीय है कि दिसम्बर में जब ये सहमति बनी तो ये स्पष्ट था कि सोने का सारा उत्पादन चुनी हुई सरकार को हस्तानांतरित कर दिया जाएगा. लेकिन हेमेदती की बढ़ती ताक़त को देखते हुए अल बुरहान के क़रीबी लोगों ने आरएसएफ़ की गतिविधियों को नियंत्रित करने की सेना को सलाह दी ।हालांकि उत्तरी सूडान में सोने की खदानों के नियंत्रण में अपनी हिस्सेदारी के लिए कई और ताक़ते भी सक्रिय है। सूडान की हिंसा और यूक्रेन के युद्ध के हालात एकदम अलग हैं ,इसलिए वहां से भारतीयों को बाहर निकालना उतना आसान नहीं है जितना कि यूक्रेन में था। अब सारा दारोमदार सऊदी अरब के ऊपर टिका है और उसने उम्मीद के मुताबिक़ भारत का सहयोग भी किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# विदिशा में विकास अग्रवाल का देहदान किया गया



मेरी मृत्यु के बाद मेरे मृत शरीर को अग्नि में मत जलाना वल्कि मेडिकल कालेज में दान कर देना ताकि यह शरीर देश के - समाज के काम आ सके यह संकल्प लिखने वाले विकास अग्रवाल अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनका मृत शरीर पीड़ित मानवता के काम आ रहा है। विकास पचौरी के देहदान-नेत्र दान अभियान से प्रेरित होकर विकास अग्रवाल ने बीते 5 बरस पहले देहदान संकल्प पत्र भरा था और कुछ दिनों से वह अस्वस्थ थे और विदिशा के मेडिकल कालेज में उनका उपचार चल रहा था शनीवार रात उन्होंने ने अंतिम सांस ली और रविवार को दोपहर 12 बजे उनके मृत शरीर का देहदान मेडिकल कालेज विदिशा में किया गया।

विकास पचौरी ने बताया कि विकास अग्रवाल अकाउन्टेंट थे और इनकी धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी अग्रवाल ने और विकास अग्रवाल ने सामूहिक देहदान का संकल्प पत्र स्थानीय जालोरी गार्डन में आयोजित शिविर में बीते 5 बर्ष पहले लिया था। इनकी देहदान विदाई में परिवार के सदस्यों सहित मेडिकल कालेज स्टाफ के डॉक्टर्स द्वारा पुष्पांजली

समर्पित करके श्रद्धांजलि दी विकास पचौरी ने बताया कि अभी तक 630 व्यक्ति यह देहदान का संकल्प ले चुके है एवं 18 व्यक्तियों का देहदान हो चुका है।

# भगवान परशुराम जयंती पर बैरसिया में भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई



बैरसिया।। नगर के मानस भवन में सर्व ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बढ़े ही धूम-धाम से मनाया। सभी सामाजिक लोगों ने एक दूसरे को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई दी शास्त्र विद्या के ज्ञाता भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जयंती महोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई, शौर्य यात्रा सुबह 10 सांवलिया मंदिर से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना से प्रारंभ हुई जो नगर के मानस भवन पहुंची इस मौके पर विधायक विष्णु खत्री, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर कांग्रेस नेत्री जयश्री हरिकरण महासचिव राम भाई मेहर जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर मौजूद रहे। जहां मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं ब्राह्मण समाज द्वारा समाज को गौरवान्वित करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। भगवान परशुराम की महाआरती बाद सामुहिक भोज का आयोजन किया शौर्य यात्रा में बैंड बाजा मधुर स्वर लहरियां बिखेरतीं ब्राह्मण समाज के नवयुवक हाथों में फरसा लेकर चल रहे थे वहीं सज-धज कर महिला युवतियां मंगल गीत गाते चल रही थी शौर्य यात्रा में शामिल लोग रंग बिरंगे साफा बांधे हुए गले में केसरिया दुपट्टा डालें चल रहे थे भगवान परशुराम की शौर्य यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मानस भवन पहुंची इस दौरान शौर्य यात्रा का रास्तों में जगह जगह विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा व जल पान के साथ स्वागत किया इस शौर्य यात्रा में मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया मानस भवन में जन्मोत्सव मनाया गया जहां भगवान परशुराम की महाआरती एवं महा प्रसादी वितरण किया इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा, सर्व ब्राह्मण परिषद संरक्षक मंडल के संयोजक दीपक दुबे परशुराम सेना के अध्यक्ष शुभम् तिवारी, ब्राह्मण महिला संगठन अध्यक्ष शीला ओमप्रकाश शर्मा कार्यक्रम के संरक्षण मंडल द्वारका प्रसाद शर्मा रमेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा प्रमोद शास्त्री कार्यक्रम में आभार सोनू शर्मा ने किया

# 5 अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्रवाई, लगाए बोर्ड-यहां नहीं खरीदें प्लॉट



शिवपुरी - नगर पालिका द्वारा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी गई है। रविवार को नगरीय क्षेत्र में वर्ष 2016 के बाद अवैध रूप से ऐसी विकसित होने वाली कॉलोनियों पर अब कार्यवाही होना शुरू हो गई है जहां कॉलोनाईजरों के द्वारा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की परमीशन लिए बिना ही कॉलोनी विकसित कर भूखंड बेचे जा रहे थे। रविवार को हुई इस कार्यवाही को तहसील,नपा व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया।

शहर की वह अवैध कॉलोनियां जिन्हें एडीएम न्यायालय के द्वारा अवैध घोषित कर दिया गया है,को चिन्हित कर वहां सूचक बोर्ड गढ़वा दिए कि माननीय एडीएम न्यायालय के द्वारा यह कॉलोनी अवैध घोषित की गई है यहां भूमि का क्रय-विक्रय नहीं करे। ताकि आमजन जागरूक हो सके और ऐसी अवैध कॉलोनियों में अपना पैसा फंसाकर शोषण का शिकार ना हों। जिन अवैध कालोनियों में कार्यवाही करने पहुंचे उनमें 26 नंबर कोठी के पीछे दो कॉलोनी, इटमा रोड़, मनियर और रेल्वे क्रॉसिंग जैसे प्रमुख स्थान शामिल है, जहां अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। यहां नगर पालिका के अमले ने कॉलोनाईजर द्वारा अवैध रूप से डाली गई सड़क को भी जेसीबी की सहायता से खोद दिया साथ ही बाउण्ड्री और कच्चे निर्माण को भी मौके पर ही तोड़ दिया।

## इनका कहना है

पांचों कालोनाइजरों को दो बार समन जारी किए थे इसके बावजूद कॉलोनाइजर ने जवाब नहीं दिया। इसी के चलते आज यह कार्यवाही की गई है यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केशव सिंह सगर, सीएमओ**

# परशुराम जन्मोउत्सव के अवसर पर धूमधाम से निकला चल समारोह



औबेदुल्लागंज । मंडीदीप नगर में भगवान परशुराम के जन्मउत्सव के अवसर पर धूमधाम से चल समारोह निकाला गया। उक्त चल समाहरोह नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए, आयोजन स्थल पर पहुंचा। भगवान परशुराम के चल समाहरोह का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प प्रत्येक धर्मालंबियों द्वारा लिया गया। उक्त अवसर पर नगर की प्रथम महिला प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, पूर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष व पूर्व नपा. अध्यक्ष विपिन भार्गव,जय प्रकाश शर्मा, संजीव पटेरिया, राममणि द्विवेदी, जीवन लाल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता आरके त्रिपाठी, राजेश शर्मा, अतुल भार्गव, घनश्याम गोस्वामी, सोनल दीक्षित, अभिषेक शर्मा, मोहित शर्मा आदि विप्रगणों के साथ आमजन सम्मलित हुए।

# हर जनपद में पांच-पांच मॉडल गांव चिन्हित कर कार्य किये जायेंगे

खरगोन 21 अप्रैल 23/कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने शुक्रवार को पहले हॉफ में 5 जनपदों के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए विजन के साथ कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जनपदों के 5-5 गांवों को मॉडल गांव बनाने के लिए जनभागीदारी के साथ कार्य करने को कहा है। ऐसे गांव जहां के नागरिक स्वयं गांव के विकास के लिए कुछ करना चाहते या सोचते हैं। उनके सहयोग से और उनको सहयोग कर शासकीय मशीनरी और गांव के नागरिक मिलकर कई स्तर पर कार्य कर सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों के साथ मिलकर कार्य सुनिश्चित करना है। साथ ही कोई भी नागरिक अमले के साथ मिलकर कार्य कर सकते है। उन चयनित गांवों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी। नागरिक स्वयं अपने गांव की योजना प्रस्तुत कर सकते हैं इसके लिए जनपद या प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा,अतिरिक्त सीईओ श्री पुरुषोत्तम पाटीदार, सभी पीओ पाँच जनपदों कसरावद, खरगोन, भगवानपुरा,सेगांव और गोगावाँ के जनपद सीईओ सहायक यंत्री, एपीओ और उपयंत्री व बीसी उपस्थित रहे।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग के प्रमुख सचिव पहुंचे दमोह, बैठक कर किया निरीक्षण



दमोह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला दमोह पहुंचे. जहां सर्किट हाउस पर समस्त अधिकारियों की बैठक ली. बैठक के दौरान जोरतला सतधरू में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. इस अवसर पर कलेक्टर दमोह एम. अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अजय श्रीवास्तव, संजय अंधमान प्रमुख अभियंता, आरएलएस मौर्य मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री एमके चौधरी, एमके उमरिया कार्यपालन यंत्री, जल निगम से डीके जैन महाप्रबंधक, मनोज श्रीवास्तव प्रबंधक, अशोक मुकाती सहायक यंत्री, गौरव सराफ सहायक यंत्री, सहित बड़ी संख्या में मेसर्स जिंदल इंफ्रा और एल एंड टीके उच्च अधिकारी गण मौजूद रहे. इसके अलावा प्रमुख सचिव संजय शुक्ला और कलेक्टर एम अग्रवाल द्वारा जल शोधन संयंत्र पर वृक्षारोपण भी किया।

# चना उपार्जन में संदेह होगा भौतिक सत्यापन

कलेक्टर श्री वर्मा ने झिरन्या जनपद का मेराथन दौरे में मंडी प्रांगण में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन का निरीक्षण किया। गोपनीय सूचना के आधार पर कलेक्टर श्री वर्मा ने मंडी का औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार यहां महाराष्ट्र तथा अन्य व्यापरियों द्वारा चना बेचा जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर, मेटाडोर,आयशर और बड़े भारी वाहनों में चना भरा हुआ पाया गया। किसानों से भी जानकारी ली। इस दौरान मिटावल के किसान मदनसिंह चौहान से भूमि तथा चना उपार्जन के बारे के जाना। यहां कई भारी वाहन देखने के बाद कलेक्टर श्री वर्मा ने शंका के आधार पर एसडीएम श्री ढोके को सभी भारी वाहनों और भूमि का भौतिक सत्यापन कर जांच करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम श्री ढोके ने इस कार्य के लिए नायब तहसीलदार और पटवारियों को जांच के लिए लगाया गया।

# धूमधाम से मनाई गई ईद ,नमाजियों ने अमन-चैन और भाईचारे के लिए मांगी दुआ



शहडोल। ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शहर में ईद-उल-फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। जिले के बुढ़ार चौक के पास ईदगाह में सुबह ईद की नमाज अदा की गई। यहां हजारों लोग जुटे। ईदगाह पर सुबह से ही लोग पहुंचने लगे। यहां ईदगाह के पेश इमाम मौलाना आरिफ साहब ने नमाज अदा कराई।

नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों में ईदी पाने के लिए खास उत्साह दिखा। सहर की 50 से ज्यादा मस्जिदों व मदरसों में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया। ड्रोन से भी निगरानी की गई। सोशल मीडिया पर भी पुलिस नजर बनाई हुई थी।

पेश इमाम मौलाना आरिफ शाहब ने बताया कि ईद का दिन मगफिरत यानी गुनाहों से माफी का दिन है, जब बन्दा ईदगाह में नमाज अदा करके दुआ करता है, तब दुआ जरुर कबूल की जाती है। अल्लाह फरमाता है कि जाओ मैंने तुम्हारी दुआ कबूल की, तम्हें बख्श दिया। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारकबाद दी।

खास बात ये है कि आज के दिन गले मिलने से पुराने गिले शिकवे खत्म हो जाते है फिर सबको अपनी खुशियों में शामिल करते है। एक दूसरे के घर जाकर अच्छे-अच्छे पकवान और मीठी सेवई खाते है। नगर के सभी नेता व समाज सेवक मैदान में थे। सपा,बसपा आम आदमी पार्टी ,और कांग्रेस भाजपा के नेता और भी लोग ईदगाह पहुंचे और सबको ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, कुलदीप निगम,एडवोकेट राकेश सिंह बघेल, आप के जिला अध्यक्ष संतोष चौबे,व बड़े छोटे सभी नेता व कई पार्षद भी थे आदि पहुंचे। व पुलिस प्रशासन के व शासन प्रशासन के लोग भी जिन्होंने अपनी ड्यूटी भी निभाई व ब्यौहार भी निभाया पुलिस प्रशासन के,एडीजी डीसी सागर,पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक,अति, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार वैश्य,डीएसपी राघवेंद्र दुवेदी,थाना प्रभारी कोतवाली योगेंद्र सिंह परिहार व सोहागपुर थाना प्रभारी अनिल पटेल,कोतवाली से रजनीश तिवारी व अन्य पुलिस की टीम व महिला पुलिस मौजूद थी,वही जिला प्रशासन की टीम ने भी ड्यूटी व ब्यौहार निभाया कलेक्टर वंदना वैध,एसडीएम प्रगति वर्मा,नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी,तहसील अधिकारी भरत सोनी व पुलिस प्रशासन के व जिला प्रशासन के सभी बड़े से छोटे अधिकारी व उनकी टीम ने ईद के त्योहार को धूमधाम के साथ शांति के साथ मनवाया व खुद गले लग कर बधाई दी जिसका मुस्लिम समाज के लोगो ने ताहे दिल धन्यवाद किया।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश , पत्नि के साथ मिल प्रेमी ने की थी हत्या

शिवपुरी - जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र में कल हुए एक युवक के अंधे कत्ल के मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए पत्नि और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस की शक की सुई पत्नि पर टिकी थी। जिसके चलते पुलिस ने पत्नि को राउण्डअप कर पूछताछ की तो वह टूट गई और उसने पूरी घटना पुलिस को बताई।

जानकारी के अनुसार दिनेश पुत्र फूलसिंह चंदेल उम्र 25 साल कोटवार ने थाना रन्नोद पर रिपोर्ट की कि जगदीश लोधी भडोता वाले के कुआ मे एक व्यक्ति मरा हुआ पडा है । मृतक मुनीराम के बाँये हाथ की भुजा मे चोट , सिर मे पीछे ज्यादा चोट , गर्दन में निशान , हाथ पैरों मे छिलने के निशान व उसका गुप्तांग कटा हुआ था जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई है और किसी अज्ञात व्यक्ति ने लाश को छिपाने की दृष्टि से लाश को कुएं में फैंका है।

पुलिस तफ्तीश में सामने आया कि उक्त मृतक की पत्नि का गांव के ही मोनू लोधी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसके चलते पति पत्नि में आए दिन इसी बात को लेकर झडगा होता रहता था। जब पुलिस घर पहुंची तो घर में देखा कि घर को एक दिन पहले ही लीपा पोती की है। जिसके चलते पुलिस को पत्नि पर संदेह हुआ और उसे राउण्डअप कर पूछताछ की,जिस पर पहले तो पत्नि गुमराह करती रही परंतु जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अपने प्रेमी मोनू लोधी और उसके साथी राजू कलावत के साथ पति की घर में ही हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया है।घर में खून के निशान थे, जिन्हें साफ करने के लिए उसने घर में लीपापोती की है।साथ ही पति के झगडे से उसका प्रेमी परेशान था तो उसने क्रोध में उसके प्रायवेट पार्ट को काटकर कुएं में फैंका है। इस मामले में पुलिस ने कुएं से प्रायवेट पार्ट को भी जप्त कर तीनों आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सुशील के समर्थन में उतरा स्वर्णकार समाज , हुआ विशाल आयोजन विधानसभा चुनाव के लिए भरी हुंकार



छतरपुर वार्ड नम्बर 9 के पार्षद सुशील सोनी ने कुछ ही समय पहले राजनीति में कदम रखा भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड नम्बर 9 से प्रत्याशी बनाया था लेकिन भारी विरोध के बाद सुशील सोनी ने जीत हासिल की थी।। जीत के बाद वार्ड में हर किसी की समस्या का समाधान तुरंत करते है जिससे इनकी लोकप्रियता वार्ड में ही नही बल्कि पार्टी और समाज मे अलग है इसके अलावा महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र में इनकी खासी पकड़ है। क्योंकि उसी क्षेत्र के है और इनका पूरा परिवार गांव नटुआ मे निवास करता है सुशील सोनी की लोकप्रियता ओर लगन को देखते हुए आज नोगॉव में एक विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें सागर संभाग से संतोष सोनी जी मारुति,राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्णकार समाज पदम श्री अवधकिशोर जड़िया ,सुरेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी कटनी,नरेश सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्णकार समाज सहित जिले की हर इकाई के नगर अध्यक्ष शामिल हुए और विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर से टिकिट दिलाने के लिए अपनी अपनी बात रखी ।कहा सोनी समाज से सरकार वोट तो लेती है लेकिन हमें सिर्फ लोली पॉप पकड़ा देती है लेकिन अब ऐसा नही चलेगा हमे छतरपुर विधानसभा की एक सीट पर अपना उम्मीदवार चाहिए और समूचे संभाग के स्वर्णकार बंधु उनको भारी बहुमत से जिताकर विधानसभा पहुचायेंगे,इस दौरान छतरपुर स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष,स्वर्णकार समाज अध्यक्ष परितोष सोनी जी पूर्व अध्यक्ष चेतन कारीगर संघ अध्यक्ष हरपालपुर बाले , वरिष्ठ समाज सेवी जय प्रकाश सोनी उर्फ लल्ला जी वीरा सोनी जी हरपालपुर अध्यक्ष नौगांव अध्यक्ष रमेश सोनी जी बड़ा मलहरा अध्यक्ष बालकिशन सोनी जी भगवा नगरपालिका अध्यक्ष जी भगवा घुवारा अध्यक्ष महाराजपुर से सीताराम सोनी जी जय सोनी जी अध्यक्ष एवं भा जा पा पार्षद गड़ीमलहरा बबलू सोनी जी अध्यक्ष लवकुश नगर विन्दन अध्यक्ष अध्यक्ष वनगांय एवं आलीपुरा लुगासी ऊजरा मऊसानिया से सरपंच प्रतिनिधि महिला संघठन से अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी,सहित हजारो की संख्या में स्वर्णकार बंधु मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन बब्लू सोनी श्रीनगर वाले एवं सुभंम ने किया

# मप्र में भूमाफियाओं के संरक्षण में राजस्व विभाग तो सुना था लेकिन राजस्व विभाग भी भूमाफिया निकला !



बाड़ी । एम पी अजब हैं गजब का श्लोगन बैसे तो पर्यटन विभाग के लिए बनाया गया था जिसे मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने आत्मसात कर लिया नतीजतन ऐसे ऐसे कारनामे अधिकारियों के सामने आने लगे जिन्हें देखकर सुनकर ही मन से बरबस ही निकल जाता हैं कि वाकई एमपी अजब है गजब हैं । ताजा मामला रायसेन जिले की बाड़ी तहसील का सामने आया है । सत्तर की दशक में मध्यप्रदेश शासन ने हरिजन आदिवासियों के लिए जमीनें शासकीय पट्टे के तहत उनकी जीविकोपार्जन के लिए दी ..ऐसी ही एक जमीन ग्राम चैनपुर के गया प्रसाद अहिरवार को मिली जिसका खसरा क्र 41 और रकवा 4.5850 हेक्टेयर लगभग 15 एकड़ भूमि दी , पट्टे धारी गया प्रसाद की मृत्यु के बाद पटवारी तहसीलदार ने उस भूमि का पोथी नामा न करते हैं किसी दूसरे व्यक्ति राम प्रसाद के नाम पर आ गई और गया प्रसाद के दोनों पुत्रों को इस जमीन से कागजों में हेराफेरी कर गायब कर दिया और इस पट्टे की भूमि को भूस्वामी में बदल दिया गया । मामला तब सामने जब गया प्रसाद के पुत्र के पास सोसाइटी से करीब सबा लाख रुपए की बसूली का नोटिस मिला ।

जनसुनवाई में दिया कलेक्टर को आवेदन।

परिजन अपने परिवार के सार पूरे दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई समय में कलेक्टर कार्यालय पहुँचे और नियमानुसार पिता के नाम की भूमि को दोनों पुत्रों के नाम पर करने का आवेदन दिया । अब देखना यह कि अभी तक भूमाफिया से ही जनता ही परेशान रहती लेकिन अब तो राजस्व अधिकारी भी इस गोरखधंधे में शामिल हो गये ..यह चुनावी साल हैं ऐसे में मध्यप्रदेश के सह्रदय और गरीबों के हमदर्द मुख्यमंत्री क्या गरीब परिवार को न्याय दिला पायेगें ..

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव , निकाली गई शोभायात्रा



दमोह भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव पर इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव में प्रातः 8 बजे से परशुराम टेकरी पर हवन पूजन किया गया. इसके उपरांत सिविल वार्ड स्थित शिवपार्वती मंदिर में 10 बजे सुंदर कांड का आयोजन हुआ.

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान का अवतरण मां रेणुका और पिता जमदग्नि से अक्षय तृतीया के दिन ब्राह्मण स्वरूप में हुआ था, उन्हें भगवान विष्णु का छठवां अवतार भी निरूपित किया गया है. त्रेता युग मे भगवान शिव का पिनाक धनुष तोड़ने पर राम पर उनके क्रोधित होने के प्रसंग से सभी अवगत हैं. साथ ही त्रेता युग के साथ द्वापर युग में भी भगवान परशुराम समसामयिक रहे हैं. परशु अर्थात कुल्हाड़ी या आधुनिक शब्द फरसा और राम अर्थात फरसे के साथ राम के स्वरूप को भी भगवान परशुराम के विहंगम स्वरूप को जोड़ के देखा जाता है. ब्राह्मण कुलीन एवं अक्षय तृतीया को उनके जन्म लेने के उपलक्ष्य में ब्राह्मण वर्ग उनके प्राकट्योत्सव को उन्ही का तेज स्वरूप धारण कर बड़ी धूमधाम से मनाते हैं.

प्रातः कालीन कार्यक्रमों के बाद शनिवार शाम 5 बजे सर्वब्राह्मण समाज के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुषों एवं बच्चों की उपस्थिति रही. शोभायात्रा समिति के परशुराम सेवक सदस्यों मनीष नगाइच,अनिल बैरागी एवं मुकेश पाण्डे ने बताया के शोभायात्रा में बालक बालिकाएं प्रभु स्वरूप को धारण कर बग्गी पर विराजमान रहे. साथ ही महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण किये हुए थे, पुरूष सदस्य हाथों में सांकेतिक फरसा लिए हुए शोभायात्रा में निकले. शोभायात्रा शिवपार्वती मंदिर सिविल वार्ड से आरंभ होकर विवेकानंद चौराहा, कोआपरेटिव बैंक से बस स्टैंड चौराहा,स्टेशन चौक, राय चौराहा होते हुए घण्टाघर के मार्ग से होते हुए अस्पताल चौराहे से जाती हुई शाम 8-30 बजे पुनः शिवपार्वती मंदिर में समाप्त हुई.जहां भंडारे एवं प्रसादी की व्यवस्था रखी गई थी, सभी ब्राह्मण समाज के लोगों ने एकत्रित होकर प्रसादी वितरण हुआ.

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों ने शोभायात्रा का फूल माला,लस्सी, शरबत से जगह-जगह स्वागत किया. स्वागत करने वाली संस्थाओं में सभी वर्गों जातियों के सदस्यों ने बढ़चढ़कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इसी तरह ग्राम पंचायत बम्हौरी मेभगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

दमोह जबेरा मे ग्राम पंचायत बम्हौरी में भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा ग्राम पंचायत बम्हौरी में शोभायात्रा आयोजन किया गया जिसमें परशुराम भगवान जी की झांकी डीजे बाजे के साथ ग्राम के विभिन्न मार्गो से होकर रैली का आयोजन किया गया इस दौरान जगह जगह भगवान परशुराम जी की पूजन अर्चना की गई एंव शोभायात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया इस शोभायात्रा में जबेरा विधानसभा से विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित ब्राह्मण समाज के जेस्ट श्रेष्ट बंधुओं सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही एवं भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर शासन प्रशासन के अधिकारीगण भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोभायात्रा मे साथ साथ चलते रहे।

## उद्योगपतियों की बैठक

सिवनी– जिले में औद्योगिक संभावनाओं को लेकर सोमवार 17 अप्रैल को कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों एवं जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों की बैठक लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने जिले में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए उद्योगपतियों को आकर्षित करने के लिए अपनाई जाने वाली योजना को लेकर सभी चर्चा की गई।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राजकुमार कांसकार पिता स्व. श्री चरणलाल कांसकार निवासी नई आबादी वार्ड-14 नव भारत प्रेस के पास छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा- मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राजकुमार अंकित नहीं है मेरा सरनेम कांसकार है, मेरे पासपोर्ट में अंकित त्रटी है जबकि मेरे अन्य दस्तावेज- आधार कार्ड , पैन कार्ड, पासबुक अन्य सभी दस्तावेजों में सरनेम कांसकार दर्ज है, मैं अपने नाम के आगे अपना सरनेम (कांसकार) अर्थात मैं अपना नाम राजकुमार कांसकार पिता स्व. श्री चरणलाल कांसकार कर रहा हूं अतः आज दिनांक 24/4/23 से मुझे राजकुमार कांसकार के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**शपथकर्ता**
**राजकुमार कांसकार**
**पिता स्व. चरणलाल कांसकार**
**नई आबादी वार्ड नं. 14,**
**नव भारत प्रेस केपास छिंदवाड़ा**



मुरैना में श्री सीताराम महायत्र में पहुंचे किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर का स्वागत किया गया।

# इंदौर नगर निगम लागू नहीं करेगा नया टैक्स सिस्टम

## महापौर ने बैठक में संगठनों को दिया आश्वासन, सांसद ने भी लिखा पत्र- वापस लिया जाए



**इंदौर।** चुनावी साल में मप्र शासन द्वारा नगरीय निकायों की आमदनी बढ़ाने के लिए ट्रेड लाइसेंस शुल्क (व्यापार अनुज्ञप्ति शुल्क) दस गुना तक बढ़ाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। इसी बीच इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को विविध संगठनों के साथ बजट को लेकर चर्चा करने के दौरान साफ कर दिया कि यह टैक्स मप्र शासन द्वारा लागू किया गया है, इसे इंदौर निगम ने नहीं लगाया है और हम इसे इंदौर में लागू नहीं करेंगे। इंदौर में पुराना सिस्टम ही लागू रहेगा, पहले भी होर्डिंग्स टैक्स को लेकर आप सभी के बात रखी थी और निगम ने संवेदनशील होकर इसे नहीं वसूलने का फैसला लिया, इसी तरह इस व्यापार शुल्क टैक्स को भी लागू नहीं करेंगे। मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अजीत सिंह नारंग ने महापौर के सामने यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि महापौर ने टैक्स को लेकर स्पष्ट कर दिया है, इससे व्यापारी वर्ग को काफी राहत होगी, यह अनावश्यक टैक्स का बोझ होता।

नारांग ने बताया कि इस मुद्दे पर हम सांसद शंकर लालवानी से भी मिले थे, उन्होंने भी सीएम को इस संबंध में पत्र लिख दिया है। इसमें कहा गया है कि- नगरीय विकास एवं आवासीय विभाग ने नियमों में संशोधन कर व्यापारियों पर दुकान के क्षेत्रफल के हिसाब से कर लगाने के विषय में नोटिफिकेशन की जानकारी मिली है। इस से व्यापारियों में नाराजगी है क्योंकि उनपर अतिरिक्त भार आएगा। अतः आपसे अनुरोध है कि इस नए कर पर सहानुभूतिपूर्वक पुनर्विचार किया जाए एवं ये निर्णय वापिस लिया जाए। वहीं इस टैक्स के विरोध में अहिल्या चेंबर ने बुधवार को शाम चार बजे सभी व्यापारिक संगठनों की बैठक बुलाई हुई है, जिसमें इस टैक्स के विरोध के लिए रणनीति बनाने की बात कही गई है।

### यह नोटिफिकेशन हुआ है जारी

शासन द्वारा शुक्रवार रात को जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार अब प्रति वर्गफीट और दुकान, संस्थान के सामने वाली रोड़ की चौड़ाई के आधार पर व्यापारी अनुज्ञप्ति शुल्क को नियत कर दिया है। अभी तक यह शुल्क आपके व्यापार पर निर्भर था, हर व्यापार की अलग-अलग कैटेगरी के आधार पर यह दस रुपए से लेकर 15-20 हजार रुपए तक होता था। जैसे कि विधवा महिला के कारोबार करने पर शुल्क दस रुपए मात्र था, लेकिन अब दुकान, संस्थान की माप और सामने की रोड़ चौडाई के आधार पर यह शुल्क लगेगा, जो अधिकतम 50 हजार रुपए तक होगा।

# तिरुपति फोर्ज लिमिटेड को फोर्जिंग की आपूर्ति के लिए मंजूरी मिली

## कंपनी को 30त्न वृद्धि का अनुमान

**राजकोट।** तिरुपति फोर्ज लिमिटेड कार्बन स्टील फोर्ज्ड फ्लैंजेस, फोर्ज्ड कंपोनेंट्स और ऑटोमोटिव पार्ट्स की एक प्रसिद्ध निर्माता, ने एक्सचेंजेस को सूचित किया है कि उसे भारत की प्रतिष्ठित बड़ी कंपनियों से फोर्जिंग और मशीनिंग घटक की आपूर्ति के लिए अप्रूवल मिला है।

इससे इस वर्ष से कंपनी के टर्नओवर में लगभग 30त्न की अतिरिक्त वृद्धि दर का योगदान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। मौजूदा कंपनियों की बड़े पैमाने पर विस्तार योजनाओं तथा रक्षा और बुनियादी ढांचा कंपनियों में आने वाली नई परियोजनाओं के मद्देनज़र फोर्जिंग और मशीनी घटकों की मांग और बढ़ने वाली है।

कंपनी की शेष विस्तारित क्षमताओं का इस वर्ष से पूरी तरह से उपयोग किया जाएगा जिससे यह आने वाले वर्षों में उच्च विकास दर की रिपोर्ट करने की स्थिति में होगी। इससे पहले, कंपनी ने एक्सचेंजेस को सूचित किया था कि उसने विशेष रूप से अमेरिकी बाज़ार (यूएसए) को लक्षित करते हुए तेल और गैस खंड में नए उत्पादों में प्रवेश करने का फैसला किया है। तिरुपति फोर्ज लिमिटेड कार्बन स्टील फोर्ज्ड फ्लैंजेस, फोर्ज्ड कंपोनेंट्स और ऑटोमोटिव पार्ट्स का एक प्रसिद्ध निर्माता है। उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के भारी मात्रा में निर्माण पर ध्यान देने के साथ, कंपनी ने खुद को एक आधुनिक सीएनसी मशीन शॉप और एक क्वालिटी एश्योरेंस डिपार्टमेंट द्वारा समर्थित करके सावधानीपूर्वक मशीनिंग केंद्र के लिए एक आवश्यक फुलप्रूफ बुनियादी ढाँचे से सुसज्जित किया है।

तिरुपति फोर्ज की गतिविधियां मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार की जरूरतों को पूरा करने पर केंद्रित हैं, इसके 90त्न उत्पादों का वैश्विक स्तर पर उपयोग किया जाता है। प्रति वर्ष 18,000 टन की स्थापित क्षमता के साथ, कंपनी कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और एक फुलप्रूफ सिस्टम को बनाए रखती है, जिसने ढ्ढस्ह्र-9001-2008 प्रमाणन, क्क्ष्ठ -८ष्ठ 2000, और ष्टक्रह्र (कनाडाई पंजीकरण संख्या) तिरुपति ब्रांड नाम सहित कंपनी के लिए प्रतिष्ठित मान्यताएं अर्जित की हैं।

कंपनी के फोर्ज्ड फ्लैंजेस और कंपोनेंट्स को संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और अफ्रीकी देशों में व्यापक रूप से भेज दिया जाता है।

तिरुपति आधुनिक फोर्ज शॉप और मशीनिंग सुविधाओं से लैस है जो कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों का पालन करते हैं, आईएसओ नियमों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज़ और पूर्ण प्रमाण जांच के साथ अंतिम उत्पाद की फुल प्रूफ चेकिंग की क्षमता सुनिश्चित करते हैं।

# सरकार के नए टैक्स से कारोबारियों में रोष



जबलपुर। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में व्यापारियों से एक नए टैक्स को लेकर किए गए आदेश से व्यापारियों में रोष है और वे इसके विरोध में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

बताया गया है कि अब दुकानदारों को व्यापार करने के लिए सड़क की चौड़ाई के आधार पर टैक्स अदा करना होगा।यह टैक्स नगर निगम,नगर पालिका और नगर परिषद के क्षेत्रों में अलग-अलग मापदण्ड के आधार पर प्रति वर्ग फीट से चुकाना होगा।ऐसे में व्यापारी इसके विरोध में उतरे हैं। सोशल मीडिया पर भी इस संदर्भ में लगातार विरोध का दौर चल पड़ा हैं।

दि चैंबर ऑफ कॉमर्स का भी विरोध

इस संदर्भ में दि चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा ट्रेड लायसेन्स शुल्क की बढ़ोतरी किये जाने का पुरजोर विरोध किया हैं।

इस संदर्भ में कहना है कि व्यापारी पहले से ही अपने व्यापार में इतने टैक्स देता है जो कि लगभग 52त्न होता हैं फिर क्यों व्यापारी को परेशान किया जा रहा हैं।जबकि,जब त्नस्ञ्ज लाया गया तब सरकार द्वारा घोषित किया गया था की सभी ह्लड्ड× इसमें समाहित रहेंगे अलग से किसी प्रकार का टैक्स नहीं देना होगा यहां तक कि आगे जाकर इनकम टैक्स भी हटा दिया जाना प्रस्तावित था। अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के इस युग में द चेंबर ऑफ कॉमर्स रतलाम सरकार से अनुरोध करता हैं कि अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे समाप्त करने का निर्णय लेवे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापारियों को अभी तक व्यवसाय करने के लिए व्यवसायिक लायसेंस बनवाना पढ़ता था।जिसकी फीस 500 सौ रूपए निर्धारित थी।अब राज्य सरकार के नोटिफिकेशन में सड़क की चौड़ाई के अनुसार वर्ग फीट में टैक्स चुकाना होगा और यह राशि 50 हजार रूपए तक होगी जो नगर निगम नगर पालिका और नगर परिषद में अलग-अलग निर्धारित होगी।

नोटिफिकेशन में कमर्शियल वाहनों पर भी टैक्स लगाने की बात है।जो अलग-अलग वाहनों के आधार पर टैक्स देना होगा। प्रदेश सरकार के इस फैसले पर व्यापारियों में रोष हैं। मध्यप्रदेश सराफा संघर्ष समिति के मंत्री और जिलाध्यक्ष कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ विशाल डांगी का कहना है कि व्यापारी वर्ग सरकार को अधिक से अधिक टैक्स अदा करता है और ऐसे में अब इस लायसेंस के नाम पर टैक्स को लादकर सरकार क्या चाहती हैं? यह टैक्स जबरिया कर है। सरकार को व्यापारी ही नजर क्यों आते हैं। समस्त व्यापारी वर्ग इसका विरोध कर रहे हैं। सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती हैं तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।ऑनलाइन व्यापार और बड़े बड़े ब्रांड ने आकर व्यापारियों की कमर तोड़ दी हैं।हम सरकार को हर तरह का कर अदा करते आ रहे हैं।अब रही सही कसर राज्य सरकार के फैसले ने पूरी कर दी हैं। हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# रानीताल चौक का नाम बदला तो बदल देंगे सरकार

जबलपुर। मध्यप्रदेश में इस साल विधान सभा चुनाव होने है और चुनाव को देखते सभी पार्टी के नेता घोषणाएं कर रहे है। इन घोषणाओं से वे आगामी चुनाव में मतदाताओं को रिझाने का काम कर रहे है। कुछ ऐसी ही घोषणा जबलपुर महापौर जगत बहादुर अन्नू ने परशुराम जयंती पर कर डाली है। महापौर ने परशुराम जयंती पर गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती के नाम से बने रानीताल चौक का नाम परशुराम चौक करने की घोषणा कर दी है।

जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह ने एक हफ्ते के अंदर रानीताल चौक का नाम परशुराम चौक करने की प्रक्रिया को शीघ्र अमलीजामा पहनाने की सभी औचारिकता भी कर ली है। महापौर की घोषणा के बाद गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि 19 अप्रैल को कई विप्र संगठनों ने रानीताल चौक का नाम भगवान परशुराम चौक करने का मांग पत्र दिया था, जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हो उस दिन ही इसका प्रस्ताव बनाकर एमआईसी भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि रानीताल चौक को भगवान परशुराम चौक बनाने के लिए नगर निगम के अध्यक्ष रिंकू विज और नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने भी कई मंचों से मांग उठाकर अपनी सहमति प्रदान की। महापौर जगत बहादुर सिंह ने बताया कि आने वाले 6 से 7 दिन के अंदर रानीताल चौक का नाम भगवान परशुराम चौक करने की प्रक्रिया को अमली जामा पहनाया जाएगा।

**रानी ताल चौक को लेकर गोंडवाना समाज का मत-** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी का कहना है कि की 15वीं शताब्दी में गोंडवाना साम्राज्य के राजा संग्राम शाह के बड़े बेटे दलपत शाह का विवाह रानी दुर्गावती के साथ हुआ था। विवाह के बाद जब रानी दुर्गावती गोंडवाना राज्य में आयी तो उन्हें मुंह दिखाई में सोने से भरे 7 मटके दिए गए थे। संग्राम शाह की मृत्यु के बाद दलपत शाह गद्दी पर बैठे और उन्होंने राज्य के लोगो के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए।

# अपनी मेहनत की कमाई बचाने के लिए काम आएंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ये सलाह



**नई दिल्ली।** समय के साथ लोगो का निवेश करने का तरीका भी बदलता है। लेकिन, एक बात में कोई फर्क नहीं देखने को मिला है जो जल्दी देर पैसा कमाने का लालच है। कई लोग पहले भी इसके कारण अपनी कैपिटल दांव पर लगा देते थे और अभी भी मेहनत की कमाई इस चक्कर में गवां देते हैं। बात इसलिए भी गंभीर हो रही है कि अब तो फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण भी चिंतित है। वहीं, वो लोगो को अपनी कमाई को सेव करने के लिए कुछ अच्छी सलाह देती नजर आई है।

मंत्री सीतारमण ने हाल ही कर्नाटक के तुमकुरी में आयोजित एक प्रोग्राम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कई बातें की। जिसमें उन्होंने फाइनेंशियल इनफ्लूएंजर पर अपनी चिंता जताई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसी पर भी आंख बंद कर के विश्वास न करें, अगर आप अपने पैसे बचाना चाहते है। पैसा वहीं लगाएं जिस पर आपने अच्छे से रिसर्च किया हो।

जिसके बाद मंत्री सीतारमण ने ट्वीट भी किया। मंत्री ने लिखा है कि अगर आपको 3-4 लोग सलाह दे तो उनमें से 10 में से 7 ऐसे होते हैं जिनका उद्देश्य कुछ और होता है। आजकल कुछ सोशल इनफ्लूएंजर्स और फाइनेंशियल इनफ्लूएंजर्स बन गए है, जो कि एडवाइज देते नजर आते हैं। पर, हमें इसको ध्यान रखना है कि उनकी सलाह को क्रॉसचेक करें। अपनी मेहनत की कमाई को किसी भी भीड़ के पीछे न जाएं। पोंजी ऐप पर चिंता जाहिर करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कई सारे पोंजी एप्स है और सरकार रिजर्व बैंक के अलावा कई संबंधित मिनिस्ट्री के साथ इनपर काम कर रही है। इन पोंजी एप्स पर लगाम कसने के लिए ऐसा काम चल रहा है जो पहले कभी भी नही हुआ है। इस प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और रिजर्व बैंक के साथ काम कर रहे है।



धार जिले से माता पिता के हक को लेकर पैदल यात्रा पर निकला आशुतोष पाटीदार ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के बंगले पर पहुंचकर बच्चो के विवाह में माता पिता की सहमति को अनिवार्य की करने की मांग की।



मंदसौर प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी का युवाओं ने स्वागत किया। इस मौके पर विधायक कुणाल चौधरी भी मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच की बैठक संपन्न

## 1 मई को उग्र प्रदर्शन करने का निर्णय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य स्थायी कर्मियों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की बैठक आज प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर भोपाल में संपन्न हुई बैठक में प्रस्ताव पारित करके निर्णय लिया गया कि 3 माह पूर्व गठित एनपीएस समीक्षा समिति का बहिष्कार करते हुए ओ पी एस की मांग के समर्थन में 1 मई 2023 मजदूर समीक्षा समिति का गठन किया था लेकिन 3 माह का समय निकल जाने के बाद भी एनपीएस समीक्षा समिति की एक भी बैठक शासन ने आयोजित नहीं करी है एनपीएस समीक्षा समिति का अब कोई औचित्य नहीं है सरकार सीधे ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा करें क्योंकि चुनाव की अधिसूचना जारी होने का मात्र 2 माह का समय बचा है अभी तक सरकार ने ओ पी एस को लागू करने की दिशा में



दिवस के दिन मंत्रालय के सामने एनपीएस समीक्षा समिति के आदेश की प्रतियां जलाकर उग्र प्रदर्शन राज्य सरकार के समक्ष किया जाएगा प्रदर्शन उपरांत मुख्यमंत्री को मांगो का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में अशोक पांडे हरि सिंह गुर्जर लव प्रकाश पाराशर आर पी वर्मा सुनील पाठक श्याम बिहारी सिंह शिवप्रसाद सांगुले सत्येंद्र पांडे चांद सिंह रामविलास सिंह श्याम लाल विश्वकर्मा भगवान दास बिल्लोरे भानु प्रताप सिंह थावरिया भील रामबाबू सोनी के के कहार मोहन सिंह रावत मिश्री लाल मालवीय देवराज विश्वकर्मा भूपेंद्र पांडे चांद सिंह हरि सिंह सोलंकी प्रीतम सिंह मेहर प्रेम नारायण सिंह आदेश जैन महेंद्र लोधी आशुतोष सिंह मेहरबान सिंह आदि सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थिति थे।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि राज्य सरकार ने 1 फरवरी 2023 को एनपीएस कोई पहल नहीं करी है जबकि मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच पिछले 8 साल से राज्य सरकार से धरना आंदोलन ज्ञापन प्रदर्शन के माध्यम से एनपीएस न्यू पेंशन योजना को वापस लेकर ओपीएस पुरानी पेंशन योजना लागू करने की पुरजोर मांग कर रहा है सरकार के नकारात्मक रवैए के कारण एनपीएस धारक कर्मचारियों स्थायी कर्मियों में भयंकर असंतोष व्याप्त है और 1 मई 2023 को एनपीएस समीक्षा समिति के गठन को 3 माह पूरे हो जाएंगे इसलिए मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि 1 मई 2023 को एनपीएस समीक्षा समिति का बहिष्कार किया जाएगा बहिष्कार स्वरूप एनपीएस समीक्षा समिति के आदेश की प्रतियां मंत्रालय के सामने जलाकर एनपीएस समीक्षा समिति को भंग करने तथा ओ पी एस लागू करने की घोषणा करने की मांग ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से की जाएगी।

# 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3' में समर्पण लामा के पैरों पर काला टीका लगाते हुए जज गीता कपूर ने कहा, 'ये पैर मुझे दे दे ठाकुर'

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न3' ने ऑडिशन राउंड्स में शानदार टैलेंट पेश करके देश में तूफान ला दिया है। अब आने वाले 'मेगा ऑडिशन' में जजेस यानी ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स - सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस सभी कोरियोग्राफर्स की मौजूदगी में 'बेस्ट बारह' कंटेस्टेंट्स को चुनेंगे। इस दौरान पुणे के समर्पण लामा 'क्या मुझे प्यार है' गाने पर परफॉर्म करके जजों के दिलों में अपनी जगह बना लेंगे!

समर्पण की परफॉर्मेंस से बेहद इम्प्रेस होकर जज गीता कपूर उन्हें जजों के पैनल में बुलाएंगी और उनके पैरों पर काला टीका लगाते हुए कहेंगी ÷ये पैर मुझे दे दे ठाकुर!



हबीबगंज जिनालय में मुनि श्री 108 अजीत सागर जी महाराज ससंघ एवम मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में प्रथम तल की मुख्य वेदी के डोम की छत पर चाबी रखने का पुनीत कार्य संपन्न हुआ।

# भोपाल जिले में 30 जून तक नलकूप खनन पर प्रतिबंध




**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भोपाल आशीष सिंह ने भोपाल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए जिले में निरंतर भू-जल की गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धारा-6 (1) के अंतर्गत संपूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2023 तक प्रतिबंध लगाया है।

कलेक्टर ने बताया कि सम्पूर्ण जिला भोपाल की राजस्व सीमाओं में नलकूप, बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सड़को से गुजरने वाली मशीनों को छोड़कर) और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी।

कलेक्टर सिंह ने बताया कि संबंधित राजस्व एव पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानो पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास करेगी उक्त मशीनो को जप्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। उन्होंने बताया कि सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित अपरिहार्य प्रकरणो के लिए व अन्य प्रयोजनो हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने हेतु प्राधिकृत किया जाता है। अधिसूचना का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा-3 या धारा-4 के उपबंध का उल्लंघन करने पर दो हजार रूपये के जुर्माने तथा दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है। इस संबंध में जारी आदेश में बताया गया है कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्य योजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा। इस हेतु उपरोक्तानुसार अनुज्ञा प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा।

भोपाल जिले में कृषि एवं व्यावसायिक कार्य हेतु भू-जल स्त्रोतों का अतिदोहन होने से पेयजल स्त्रोतो / नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। गिरते भू-जल स्तर के कारण संपूर्ण जिले में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण भोपाल जिले में मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पेयजल से भिन्न अन्य प्रयोजन के लिए नवीन निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि मेरे द्वारा पेयजल संकट की स्थिति का परीक्षण किये जाने पर यह परिलक्षित हुआ है कि यदि जिले में निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध नही लगाया तो ग्रीष्मकाल में जिले में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है।

# मार्वल फिल्म की तकनीक का इस्तेमाल कर आदिपुरुष के वीएफएक्स को बनाया बेहतर, अब इस तारीख को होगी रिलीज़




साउथ के बाहुबली सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते साल अक्टूबर में फिल्म अदिपुरुष का पहला पोस्टर जारी हुआ था। जिसको लोगो ने बिलकुल भी पसंद नही किया और सोशल मीडिया पर इस फिल्म के वीएफएक्स का बेहद मजाक भी उड़ाया गया था। वहीं, इसके बाद फिल्म के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया था। जिसे लेकर फिल्म डायरेक्टर ओम राउत ने कहा है कि फिल्म की रिलीज पोस्टपोन करके मिले हुए समय को फिल्म को और अच्छा करने में लगाया है।

पीटीआई को इंटरव्यू देने के समय आदिपुरुष फिल्म डायरेक्टर ने कहा है कि ये 5-6 महीने मिलने से हमने फिल्म के वीएफएक्स को और बेहतर किया है। मिले हुए समय का उसे हमने अपनी फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स को पहले से ज्यादा बढ़िया करने में लगाया है।

डायरेक्टर ओम राउत ने आगे बताया है कि चुनौतियां तो हमेशा आती ही है, पर इससे हमारी ही फिल्म बेहतर बनेगी और ये जर्नी भी मजबूत होगी। विशेष रूप से इस तरह की फिल्में जो देश में अपनी तरह की पहली फिल्म होगी। क्योंकि हमने कुछ उस तरह की तकनीकों का प्रयोग किया है जो मार्वल, अवतार जैसी हॉलीवुड की बड़ी फिल्मों में हुआ है।

वहीं प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने फिल्म के टीजर पर लोगों की नकारात्मक प्रतिक्रिया को लेकर बताया कि किसी भी चीज़ की शुरुआती दौर में मिली आलोचनाएं हेल्दी ही होती है। पहले हम निराश हो गए थे लेकिन फिर हमने और ज्यादा मेहनत की, जिसमें हमको बहुत कुछ नया सीखने को मिला और हम आगे बढ़े। वहीं, लोगों के अनुसार फिल्म की कई चीजों में सुधार किया है। लेकिन, अब को प्रोडक्ट तैयार हुआ है उससे हम सभी बेहद खुश हैं। हमें अब जिस तरह का रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है, वो काफी बढ़िया है।

# 8 साल इंतजार के बाद आज दौड़ेगी ब्राडगेज ट्रेन

## छिंदवाड़ा से नैनपुर ट्रेन को केन्द्रीय मंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, छिंदवाड़ा होते हुए रीवा इतवारी एक्सप्रेस भी चलेगी



**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा से नैनपुर मंडला फोर्ट, जबलपुर तक नैरोगेज यानी छोटा लाइन से यात्रियों को सफर कराने वाली नैरोगेज ट्रेन दिसंबर 2015 में बंद हो गई थी। नैरोगेज के ब्राडगेज में तब्दील होने पर 8 साल बाद अब फिर ट्रेनों के दौड़ने की बारी आ गई है। 24 अप्रैल सोमवार को रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा से नैनपुर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी, जिसके बाद इस रूट में एक बार फिर छिंदवाड़ा से नैनपुर, मंडला, जबलपुर और उत्तरपूर्व से जुड़े शहरों तक ब्राडगेज ट्रेन का सफर शुरू हो जाएगा। वैसे तो यह लंबा समय रहा लेकिन यह इंतजार खत्म हो रहा है और अब यात्रियों को ट्रेन की सौगात मिल रही है। छिंदवाडा से केंद्रीय मत्स्य पालन,पशु पालन डेयरी, एवं सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन की उपस्थिति में ट्रेन का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े 9 बजे छिंदवाडा रेलवे स्टेशन में होगा। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सोमवार को 7 बजे नागपुर से छिंदवाड़ा आएंगे। वे यहाँ रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वापस नागपुर से होते हुए दिल्ली जाएंगे।

### छिंदवाड़ा से नैनपुर तक लगेंगे चार फेरे

रेल मंत्रालय ने छिंदवाड़ा से नैनपुर तक ट्रेन चलाए जाने का टाइम शेड्यूल 26 जुलाई 2022 को जारी किया था, जिसके अनुसार छिंदवाड़ा और नैनपुर से दो ट्रेन चलना है। कुल 12 डिब्बों की इस ट्रेन में सात स्टेशन और 12 पैसेंजर हाल्ट रखे गए हैं।

### 30 नवंबर 2015 को चली थी आखिरी ट्रेन

30 नवंबर 2015 को नैरोगेज ट्रेन आखिरी बार छिंदवाड़ा से चली थी। 30 नवंबर 2015 को शाम 5.25 बजे छिंदवाड़ा से आखिरी नैरोगेज ट्रेन रवाना हुई थी। इसके बाद पहुंचेगी। छिंदवाड़ा से नागपुर एवं छिंदवाड़ा से नैनपुर मंडलाफोर्ट रूट पर मेगा ब्लॉक लग जाएगा। इसके साथ ही नैरोगेज ट्रेन का 111 वर्ष का सुहाना सफर थम गया था।

### आज दोपहर एक बजकर दस मिनट पर रवाना होगी ट्रेन

24 अप्रैल से ही इतवारी रीवा ट्रेन की भी शुरूआत हो रही है। यहां भी सप्ताह में चार दिन चलेगी जो इतवारी से छिंदवाड़ा, नैनपुर, जबलपुर होते हुए रीवा तक चलेगी। इस ट्रेन से चलने से महर का सफर भी आसान होगा। रेलवे की ओर से यह ट्रेन इतवारी से बुधवार, शुक्रवार, शनिवार, सोमवार इसी प्रकार रीवा से मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। इतवारी रीवा एक्सप्रेस ट्रेन (क्रमांक 11755 / 11756) रीवा से इतवारी के लिए: रीवा से शाम 5.20 रवाना, रात 9.40 पर जबलपुर पहुंचकर 9.50 पर रवाना होकर रात 10.15 पर कचपुरा, छिंदवाड़ा ङ्क जबलपुर ट्रेन में रात 2.05 पर नैनपुर पहुंचकर 2.25 पर रवाना, सुबह 5.15 छिंदवाड़ा पहुंचकर 5.35 पर रवाना होकर सुबह 8.40 पर इतवारी,इतवारी से रीवा के लिए शाम 5.30 पर इतवारी से रवाना होकर रात 8.30 पर छिंदवाड़ा पहुंचकर 8.50 पर रवाना, रात 11.20 पर नैनपुर पहुंचकर 11.45 पर रवाना, रात 3.35 पर कचपुरा, सुबह 4.05 पर जबलपुर पहुंचकर 4.15 को रवाना होकर सुबह 8.20 पर रीवा पहुंचेगी। छिंदवाड़ा–नैनपुर ट्रेन का समय तो पहले से तय है, लेकिन 24 अप्रैल को ट्रेन की शुरूआत के कारण यह ट्रेन छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन से दोपहर एक बजकर दस मिनट पर रवाना होगी। रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा में मुख्य अतिथि के द्वारा इसे हरी झंडी देकर रवाना किया जाएगा जबकि शेष दिन निर्धारित पूर्व से निर्धारित समय सारणी के अनुसार ट्रेन चलेगी। 24 अप्रैल को दोपहर एक बजकर दस मिनट पर ट्रेन रवाना होगी जो चौरई 1.53, सिवनी 2.53, केवलारी 3.57 और नैनपुर शाम 4.20 पर पहुंचेगी। यह सिर्फ उद्घाटन ट्रेन रहेगी।

### इतना लगेगा किराया

छिंदवाड़ा से छूटने वाली ट्रेन में न्यूनतम किराया 30 रुपए निर्धारित किया गया है जो चौरई स्टेशन तक होगा। इसके बाद सिवनी 40, पलारी 50, केवलारी 60, नैनपुर 65, घंसौर 75, बरगी 85, ग्वारीघाट 95, जबलपुर 100 रुपए, किराया लगेगा। इसी प्रकार मंडला तक के लिए चिरईडोंगरी और बम्हनी बंजर तक 70 रुपए, मंडला फोर्ट तक का 75 रुपए लगेगा।

### केन्द्र सरकार ने तीन ट्रेनों की सौगात दी

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में छिंदवाड़ा के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की संवेदनशील सरकार ने छिंदवाडा को 3 ट्रेनों की सौगात दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार से छिंदवाडा से नैनपुर और नैनपुर से छिंदवाडा के लिए पैसेंजर ट्रेन चलेगी। साथ ही छिंदवाड़ा होते हुए रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन भी चलेगी। इस ट्रेन को रीवा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे।

## युवा देश का भविष्य नगर निगम का ये कैसा ब्रांड एम्बेसेडर



**छिंदवाड़ा ।** भाजयूमो ज़िला अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा की छिन्दवाड़ा नगर निगम द्वारा बनाए गए स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर उत्सव बैरागी ने जो हुक्का पार्लर की अपनी फ़ोटो फ़ेसबुक पर डालकर छिन्दवाड़ा के युवाओं को ग़लत दिशा व कलचर दिखाने का काम किया ये बहुत ही निंदनीय है छिन्दवाड़ा वीर जनजाति बादल भोई की भूमि है जिन्होंने अपना जीवन अंग्रेजों से अपनी भूमि व समाज के लिए लड़ते हुए नीछावर कर दिया,आप जब सार्वजनिक पद पर हो तो आपको अपने जीवन की हर घटना का ध्यान देना आवश्यक होता है आप छिन्दवाड़ा के युवाओं को क्या शिक्षा देना चाहते है यदि आपको नगर निगम का ब्रांड अम्बेसेडर बनाया गया है तो आपमें ऐसा क्या विशेष था जो युवा आपसे सीखे ऐसा लगता है की आप कांग्रेस की नगर निगम से केवल एक राजनीतिक आशीर्वाद से ब्रांड अम्बेसेडर बने है ये एक शर्मनाक हरकत है जिस पर छिन्दवाड़ा नगर निगम कमिश्नर राहुल राजपूत व महापौर विक्रम अहाके को छिन्दवाड़ा के युवाओ से माफ़ी माँगते हुए तत्काल अम्बेसेडर पद से हटाना चाइए,भाजपा युवामोर्चा लगातार युवाओ को भाषण प्रतियोगिता,खेल,पौधा रोपण व समाज सेवा से जोड़कर एक सही दिशा देने का काम कर रहा है हम छिन्दवाड़ा के युवाओ का भविष्य इस तरह बर्बाद नहि करने देंगे जिससे युवा नशे व ग़लत दिशा में जाए।

## निगम द्वारा बनाई जा रही शीतल शुद्ध पेयजल की व्यवस्था




**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम द्वारा शहर की जनता को लू ताप से बचाने हेतु मुख्य मार्गो एवं विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग्स एवं फ्लेक्स लगाए गए है। निगमायुक्त राहुल सिंह ने लू ताप बचाव के नोडल अधिकारी प्रभारी सहायक यंत्री ब्रजेश पांडे को बनाया गया है। निगम द्वारा जारी सावधानी के अनुसार लू से बचने के लिए पानी, छाछ, ओ आर एस का घोल समय समय पर पीना चाहिए तथा सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े ही पहनना चाहिए, इत्यादि। इसके साथ ही निगम द्वारा आम नागरिकों हेतु शीतल शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु मुख्य चौहरो, रेलवे स्टेशन, गणेश चौक, सिविल कोर्ट, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, नरसिंहपुर रोड सहित अन्य स्थानों पर की गई है।

## संस्कार भारती ने मनाया भू-अलंकरण दिवस

**छिंदवाड़ा ।** साहित्य कला, संस्कृति एवं संस्कार की अखिल भारतीय मान्यता प्राप्त संस्था संस्कार भारती ने शनिवार को स्थानीय मिश्रा कॉलोनी में भू अलंकरण दिवस मनाया। संस्कार भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव अश्क द्वारा इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा विमर्श किया गया साथ ही सभी सदस्यों ने पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने के लिए व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर प्रयास करने की बात कही। संस्था के सदस्यो ने सामूहिक रूप से धरा पर रंगोली का निर्माण कर भूमि को अलंकृत किया। कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला संयोजक डॉ. पवन नेमा, जिला उपाध्यक्ष ईशान शर्मा, जिला मंत्री सोनम डेहरिया कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर मभगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



**परासिया ।** राष्ट्रीय ब्राह्मण परिषद पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त अराजनीतिक संगठन के द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर प्रदेश महासचिव आयुष दीक्षित द्वारा छिंदवाड़ा जिले के परासिया तहसील में सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान श्री श्री सिद्धेश्वर हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना माल्यार्पण किया गया तथा जय परशुराम जी के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव श्री आयुष दीक्षित जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा श्री सतीश दुबे जिला अध्यक्ष महिला श्रीमती अलका शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्रीनिवास तिवारी जिला उपाध्यक्ष उदय तिवारी जिला उपाध्यक्ष महिला अंकिता पाठक जिला सचिव महिला पूजा नीरज तिवारी एवं अन्य गणमान्य विप्र बंधु उपस्थित रहे।

## आदिवासी की शादी में जाकर झूठी वाहवाही लूट रहे: कांता ठाकुर

**छिंदवाड़ा ।** पिछले 40 वर्षो से छिंदवाड़ा की भोली भाली आदिवासी जनता को छलने वाले कमलनाथ अब एक कांग्रेसी आदिवासी परिवार की शादी में जाकर वाहवाही लूटना चाह रहे है। जिन्होंने परिसीमन में आदिवासी के लिए आरक्षित होने वाली छिंदवाड़ा संसदीय सीट को आदिवासी नही होने दिया वे आज ढोंग कर रहे है। उक्त बात आदिवासी महिला नेत्री,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री श्रीमती कांता ठाकुर ने कही। जिला महामंत्री श्रीमती कांता ठाकुर ने कहा कि यदि परिसीमन में कमलनाथ षड्यंत्र नहीं रचते तो छिंदवाड़ा संसदीय सीट आदिवासी होती। इन्होंने एक आदिवासी विधानसभा सीट दमुआ खत्म करवाके भी आदिवासियो का हक छीना है और अब आदिवासी परिवार की शादी में जाकर फर्जी विज्ञप्ति जारी कर वाहवाही लूट रहे है। जबकि जनप्रतिनिधि होने के नाते इनका दायित्व है कि छिंदवाड़ा के हरेक आदिवासी परिवार की शादी में जाए लेकिन ये किसी एक परिवार में जाकर नौटंकी करते है। जिला महामंत्री श्रीमति कांता ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से ही आदिवासियो का सम्मान किया है। उन्हे नेतृत्व भी दिया है। मुझे भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया। उर्मिला भारती को विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया था। बूथ प्रभारी दिनेश अंगारिया जी को भारिया विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया। अनुसूईया उईके जी को राज्यपाल बनाया। द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन कमलनाथ और कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ आदिवासियो का हक छीना है ।

## गरीबों को ठगने अब ले रहे झूठ का सहारा: शेषराव यादव

छिंदवाडा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने सांसद नकुल नाथ के कांग्रेस की सरकार बनते ही जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रारंभ करने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गरीबों का हक छीनने वाले उन्हें ठगने वाले अब झूठ का सहारा ले रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि 15 महीने की सरकार में नकुल नाथ के पिता कमलनाथ ने सारी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी। गरीबों का पैसा रोक लिया था। 15 महीने की सरकार में उन्होंने संबल योजना बंद कर दी थी। मेधावी छात्र को छात्रवृत्ति एवं लैपटॉप योजना बंद कर दी थी। कर्ज माफी करने की बात कहने वाले नकुल नाथ बताएं कि कमलनाथ ने 2 लाख तक का किसानों का कर्जा माफ क्यों नहीं किया। सौ रुपये यूनिट बिजली देने की बात कर रहे हैं,बताए कि कमलनाथ मुख्यमंत्री थे तो प्रदेश में बिजली की हाहाकार मच गई थी। लोकसभा चुनाव में जब मुख्यमंत्री रहते कमलनाथ खुद वोट डालने पहुंचे तो उनके ही बूथ में बिजली गोल थी। मध्यप्रदेश के गरीबों के 133000 प्रधानमंत्री आवास का पैसा वापस करने वाले आज ग़रीबों के कल्याण की बात कर रहे। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवला योजना शुरू कर चुके है तब यह 5 सौ रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार में ट्रांसफर उद्योग चलाने वाले शासकीय विभागों में और अधिकारियों खाली पद भरने की बात कर रहे हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई की बात कर रहे हैं माचागोरा डैम सहित सभी सिंचाई योजनाएं भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बनाए हैं।

# बनारस के प्रदीप चौरसिया बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

## अखिल भारतीय चौरसिया महासभा कोलकाता चुनाव निर्विरोध संपन्न





**छिंदवाड़ा ।** बिहार के हाजीपुर में अखिल भारतीय चौरसिया महासभा कोलकाता के चुनाव में बनारस के प्रदीप कुमार चौरसिया को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनारस के ही सुधीर चौरसिया को महासचिव एवं गाजियाबाद के दिलीप चौरसिया को कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल गंगा चौरसिया पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया समाजवादी पार्टी के नेता जगत नारायण चौरसिया जनता दल यूनाइटेड के नेता देव कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया ने अपनी कार्यकारिणी में जबलपुर के शैलेश चौरसिया को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं जबलपुर की श्रीमती साधना चौरसिया को राष्ट्रीय महिला महासभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया कार्यक्रम में जबलपुर से नरेश पटेल को राष्ट्रीय सचिव जबलपुर के ही गोविंद चौरसिया को राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं छिंदवाड़ा के पत्रकार गोविंद चौरसिया को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया।

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या से अधीक्षण अभियंता को कराया अवगत

### बिजली की समस्याओं को हल करने का अधीक्षण अभियंता ने दिया आश्वासन

**छिंदवाड़ा ।** जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा पूर्व में ऊर्जा मंत्री के नाम दिये गये ज्ञापन एवं बिजली की तात्कालिक समस्या को लेकर प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने विधुत विभाग के अधीक्षण अभियंता? खुशीयाल शिव वंशी से मुलाकात की। इस दौरान बिजली कटौती सहित अन्य मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई साथ ही 31 मार्च 2023 को मा, ऊर्जा मंत्री म, प्र, शासन के नाम सौंपे गये ज्ञापन पर कार्रवाई की जानकारी मांगी गई तथा पुनः स्मरण पत्र के साथ एक मांग पत्र सौंपा गया। इसी तारतम्य जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि विधुत उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर नये अधीक्षण अभियंता से प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर अघोषित बिजली कटौती बंद की जाये ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों बिजली के लटकते तारों को हटा कर प्लास्टिक को डेड तार लगाये जाये बिजली बिलों में गड़बड़ी को दूर किया जाये विधुत वितरण उपकेन्द्र में चार्टर लगाया जाए व अनेकों जगह ट्रांसफार्मर खुले हुए हैं उनमें ढक्कन आदि लगाये ताकि दुर्घटना आदि से बचा जा सके इसके अलावा सिगोंडी विधुत वितरण केन्द्र मे चल रही लापरवाही व अनियमितताओं पर रोक लगाने की मांग की गई ।

## आईपीएल में लाखों का चल रहा कारोबार

### सटोरियों पर मेहरबान सौसर पुलिसकार्यवाही के अभाव

**सौसर ।** इंडियन प्रीमियर लीग ङ्कक्की शुरुवाती दौर में फिर एक बार सौसर प्रखंड क्षेत्र में क्रिकेट सत्ता सुर्खियों में दिखाई दे रहा है लेकिन सौसर पुलिस प्रशासन सटोरियों पर मेहरबान होकर मोन साधे बैठी है जानकारी में बता दे हर वर्ष आईपीएल सट्टे में लाखो के दाव लगते है जिसमे प्रति एक बॉल से लेकर एक ओवर और हार जीत पर खेल चलता है वही सौसर क्षेत्र महाराष्ट्र राज्य की सीमा से लगा होने के कारण क्रिकेट सत्ता खिलाने वाले बुगियो को खेल खिलाने में आसानी होती है और खेल के तार भी पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में आसानी से जुड़े होते है वर्तमान में सौसर में दर्जनों बुगी अलग अलग ठिकोनो से क्रिकेट सट्टे को संचालित कर लाखो रुपए का खेल खिला रही है लेकिन सौसर पुलिस प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण अवैध कार्य संचालित करने वाले सटोरियों के हौसले बुलंद हो गए है जहा पुलिस की कार्यवाही से बिना डरे ङ्कक्कसट्टा कारोबार को बढ़ावा देकर लाखो का खेल खेला जा रहा है जो कि पूरे शहर में चर्चा का भी विषय बना हुआ है कि इतने बड़े कारोबार पर अंकुश लगाने सौसर पुलिस सुस्त क्यू है जानकारी में बता दे कि जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के सख्त निर्देशानुसार जिले भर में थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रतिदिन धरपकड़ कार्यवाही हो रही है जिससे सत्ता कारोबारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है लेकिन सौसर में पुलिस सुस्त और कारोबारी चुस्त है आईपीएल सत्ता कारोबार पर कार्यवाही की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्तमान में सटोरियों पर पुलिस प्रशासन की महेराबिनो के कारण कारोबार बिना डरे चल रहा है लेकिन आम नागरिकों को अपने युवा पीढ़ियों की चिंता सता रही है बता दे आईपीएल सट्टे के बुरी लत में युवा पीढ़ी जा रही है जिससे मैच के कर्ज के कारण गलत रास्ते की और जाते है लेकिन बीते वर्ष लोधिखेड़ा सौसर पुलिस की सयुक्त टीम ने कुछ नामची सटोरियों को पकड़ कार्यवाही की थी ।

## एक्टिंग वर्कशॉप में चयन के लिए दिखाई प्रतिभा

### नाट्यगंगा के ऑफिस में हुआ ऑडिशन

**छिंदवाड़ा ।** जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था नाट्यगंगा द्वारा आयोजित होने वाली चालीस दिवसीय फ़िल्म एवं रंगमंच एक्टिंग वर्कशॉप के लिए कल सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संत जोसफस्कूल, खजरी रोड के सामने स्थित नाट्यगंगा के ऑफ़िस में ऑडिशन लिया गया। जिसमें शहर के हर आयु वर्ग के कलाकारों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और कल कुल 76 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। संस्था के वरिष्ठ कलाकारों ने प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया और उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें परखा। कल वर्कशॉप के लिए प्रतिभागियों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह 11 बजे के पहले ही प्रतिभागियों की भारी भीड़ नाट्यगंगा कार्यालय में जमा होना शुरू हो गई। पंजीयन के बाद सभी प्रतिभागियों के साक्षात्कार लेकर उनकी कला को परखा गया। प्रतिभागियों ने अभिनय, नृत्य, गायन, वादन, संवाद अदायगी एवं अपने आत्मविश्वास से निर्णायकों को रिझाने का प्रयास किया। सभी निर्णायक इन नए कलाकारों की कला देखकर हतप्रभ रह गए। निर्णायकों का कहना है कि इन कलाकारों में से कुछ कलाकारों का चयन करना बहुत मुश्किल होगा इसलिए इस कार्यशाला के लिए सीटों की संख्या बढ़ने की बहुत संभावना है। 30 अप्रैल को फिर होगा ऑडिषन।

## रीजेनरेटिव प्रोडक्शन लैंडस्केप कोलैबोरेटिव कार्यक्रम से होगा किसानों और पर्यावरण को लाभ

**छिंदवाड़ा ।** रीजेनरेटिव प्रोडक्शन लैंडस्केप कोलैबोरेटिव (RPLC) का गठन वैश्विक संस्था लाउडस फाउंडेशन, आई डी एच, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ द्वारा किया गया है जिसके तहत किसान कल्याण कृषि विकास मध्यप्रदेश शासन के साथ 9 जिलों में प्रायोगिक करने के लिए एमओयू किया गया है, जिसमें छिंदवाड़ा एक है आरपीएलसी सहयोगात्मक कृषि पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नया क्षेत्राधिकार बहुहितधारक मॉडल है जिसमें मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभाग क्षेत्र में कार्यरत समाजसेवी संस्थाएं, प्राइवेट कंपनियां, किसान संगठनसम्मिलित हैं, जो प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने रीजेनरेटिव प्रकृतिक उत्पादन को बढ़ावा देकर बाजार उन्मुख बनाना है।

## लाडली बहना योजना में कर रहे सहयोग

**परासिया ।** लाडली बहना योजना के अंतर्गत जिला छिंदवाड़ा में विकासखंड परासिया के मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र पात्र महिलाओं की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन करने में सहयोग कर रहे हैं जिला छिंदवाड़ा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले , ब्लॉक सीईओ रविकांत उईके , सीएम फ़ॉलो गौरव जैन के निर्देशन में एवं निलेश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में सभी सीएम इंटर्स वर्षा साहू, शिवानी साहू, अंकित विश्वकर्मा, ललित ढकरिया, तेजीलाल नागवंशी, चंद्रभान साहू, विशाल डहरिया,शुभम डहरिया मुख्यमंत्री लाडली बहेना योजना पर कार्य कर रहे हैं।

# शिवराज की घोषणाओं के आगे अब शर्म को भी शर्म आने लगी है: कमलनाथ

## 9 मई से प्रारंभ होगी नारी सम्मान योजना



**छिन्दवाड़ा ।** हमारे छिन्दवाड़ा की सम्पूर्ण मप्र में एक अलग पहचान है। मैं आपको एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहा हूं। अब आपका क्षेत्र आपको देखना है। यहां बोझ अब आपका बोझ है और मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे मप्र के सभी क्षेत्रों में व्यस्त रहने पर आप यह जिम्मेदारी आसानी से उठायेंगे। कांग्रेस के प्रति आपकी निष्ठा, आपका समर्पण और कांग्रेस के संस्कार व इतिहास आपको इस सम्मेलन में खींचकर लाये हैं, मुझे आप पर पूर्ण विश्वास है। उक्त उदगार आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मोहखेड़ विकासखण्ड के ग्राम प्रधानघोघरी में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में व्यक्त किये। उन्होंने अपने उदबोधन में कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुये कहा कि अब परम्परागत वोटिंग नहीं होती राजनीति स्थानीय होकर रह गई है और आपका स्थानीय लोगों से रोज का संबंध है इसीलिये आज की परिस्थितयों को पहचानते हुये आप नये लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ें और नई टीम बनाकर कार्य करें। अब पुरानी राजनीति और पुराना रिकॉर्ड नहीं चलने वाला है। इस अवसर पर कमलनाथ ने प्रदेश की सत्ता में 18 वर्षों से काबिज भाजपा सरकार को जमकर घेरते हुये कहा कि–हम पांच महीने बाद भाजपा से हिसाब लेंगे। आज किसान, नौजवान, आमजन आशा उषा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सब दुखी है और मैं किसी को भी दुखी नहीं देखना चाहता। प्रदेश के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुये कमलनाथ ने कहा कि अब जबकि चुनाव करीब आ गये हैं शिवराज जी को प्रदेश के हर वर्ग की याद आ रही है। इतने वर्षों तक उन्हें लाड़ली बहना नहीं दिखी। शिवराज ने अब तक ऐसी लगभग 22 हजार झूठी घोषणायें की है अब तो शिवराज की घोषणाओं से शर्म को भी शर्म आने लगी है। अपने उदबोधन में कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार की उन सफल योजनाओं की जानकारी भी दी जिसका भाजपा ने नाम बदलकर अपना ठप्पा लगा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कड़ी चुनौती है परन्तु हम आप मिलकर इन्हें मात देंगे।

## बाबा साहब के बनाये संविधान को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है: नकुलनाथ

### एक करोड़ युवाओं का भविष्य शिवराज सिंह ने अंधकारमय कर दिया: कमलनाथ

**छिन्दवाड़ा।** अनुसूचित जाति समरसता मंच के तत्वावधान में वंदना लॉन में संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर की 132 वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। बाबा साहेब की जन्म जयंती समारोह के इस भव्य आयोजन में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ ने सर्वप्रथम बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, इसके उपरांत नेताद्वय ने समारोह के मंच पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिवस मनाया गया। समाज के वरिष्ठजनों का शॉल श्रीफल भेंट कर नेताद्वय ने सम्मान किया, स्वागत भाषण के उपरांत भोपाल से आये कलाकार के द्वारा कमलनाथ के पुनः सीएम बनने, सीएम रहते प्रारंभ की गई कल्याणकारी योजनाओं व वर्तमान में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किये जा रहे छलकपट की राजनीति को एक गीत में पिरोकर प्रस्तुत किया। भोपाल से पधारे कलाकर ने अपने गीत में कहा कि सीएम बने फिर से कमलनाथ जीते कांग्रेस का हाथ सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली दिलाई थी सीएम कमलनाथ ने बदल दिए जनता के हालात जीते कांग्रेस का हाथ सीएम बने फिर से कमलनाथ जीते कांग्रेस का हाथ। देश में भाईचारा कांग्रेस के हाथ सीएम बने फिर से कमलनाथ मुख्यमंत्री शिवराज ने बर्बाद किया प्रदेश को अब युवाओं को भी किया बेरोजगार। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने सभी मंचासीन कांग्रेस के पदाधिकारियों, सामाजिक वरिष्ठजनों सहित उपस्थित माताओं, बहनों, युवाओं और बच्चों को बाबा साहेब के जन्मदिवस की शुभकामनायें दी।



# गुरुदेवश्री का 134 वां उपकार दिवस मनाया

## वीतराग भवन में हुई ज्ञायक भगवान आत्मा की गूंज-सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



**छिन्दवाड़ा ।** वैशाख सुदी दूज के शुभ दिन सकल जिनवाणी तत्वरसिक जैन समाज ने तीर्थंकर महावीर भगवान की दिव्य देशना को अंगीकार करने वाले महान दिगम्बर जैनाचार्य कुंदकुंददेव द्वारा रचित महान ग्रँथराज समयसारजी का स्वाध्याय, मनन, चिंतन कर संम्पूर्ण विश्व को ज्ञायक भगवान आत्मा से परिचय कराकर स्वाध्याय की प्रेरणा देने वाले आध्यात्मिक सद्पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी का 134 वां उपकार दिवस मनाया। मंगलमय प्रसंग परम कृपालु सदगुरुदेव के उपकारों को याद करते हुए नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने गुरुदेवश्री को समर्पित उपकार सभा का आयोजन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा मे मण्डल के मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन, डॉ. के. सी. जैन, महेंद्र जैन बाबू, विमल जैन, प्रकाश अहिंसा, विवेक जैन, अखिलेश पाटनी सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएँ एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोह लिया

134 वें उपकार दिवस पर वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थियों ने सुंदर सुंदर प्रस्तुति देकर गुरुदेवश्री के उपकारों को याद किया। सभा का सफल संचालन श्रीमती वर्षा राजू पाटनी एवं सुचिता डॉ. प्रकल्प जैन द्वारा किया गया। सुंदर मंगलाचरण कर पाठशाला के बच्चों ने महावीर भगवान की स्तुति की पश्चात वर्धमान जैन, सचिन जैन एवं त्रिशाला जैन ने गुरुदेवश्री को याद कर कहा कि गुरुदेव आये रे, बड़े ही सौभाग्य से गूंज गया भारत सारा ओंकार नाद से सुंदर मंगलगान कर उनका गुणानुवाद किया। सांस्कृतिक कार्यकर्मो की सुंदर प्रस्तुति जिन धर्म से है प्रीति तो बस भावना ये भाईये, देह जाए तो भले ही जिन धर्म रहना चाहिए के साथ पापा – मम्मी कहते हैं एवं सारे जहां में अच्छा जिन धर्म है हमारा ने सभी का मन मोह लिया। इसी के साथ नाटक नमः समयसाराय, गुरुदेवश्री से तत्वचर्चा की सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसमें पण्डित अनुभवजी शास्त्री करेली एवं अनुभूति जैन मंगलायतन का कुशल मार्गदर्शन रहा। समस्त कार्यकर्मो को सफल बनाने में पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी, संस्कृति जैन, इशिता जैन के साथ विवेक जैन, गौरव पाटनी, निशांत जैन अहिंसा, अनिल जैन अध्यात्म एजेंसी, प्रशम जैन सहित सभी जिनशासन सेवकों का सहयोग प्राप्त हुआ जिनका मण्डल एवं फेडरेशन ने आभार व्यक्त किया ।





**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

## डबल इंजन सरकार का प्रयास
## हो रहा है मध्यप्रदेश का विकास

### 4 लाख 11 हजार लाभार्थियों का 'गृह प्रवेश कार्यक्रम'

**प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण** के अंतर्गत प्रदेश में **33 लाख 49 हजार** आवासों का निर्माण पूर्ण

### रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं शुभारंभ

मध्यप्रदेश में **₹2300 करोड़** से अधिक की रेल परियोजनाओं की सौगात

- गेज परिवर्तन एवं विद्युतीकरण की 3 परियोजनाओं का लोकार्पण
- राज्य में रेल नेटवर्क का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण
- ग्वालियर स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास
- तीन ट्रेनों का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

### समूह जल प्रदाय योजनाओं का शिलान्यास

लागत - **₹7853 करोड़**, लाभान्वित गांव - **4036**

- गुलाब सागर समूह जल प्रदाय योजना
- रीवा बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना
- टमस समूह जल प्रदाय योजना
- सीधी बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना
- सतना बाणसागर-2 समूह जल प्रदाय योजना

### मुख्य अतिथि

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**गिरिराज सिंह**
केन्द्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज

**फग्गन सिंह कुलस्ते**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, इस्पात एवं ग्रामीण विकास

**कपिल मोरेश्वर पाटिल**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, पंचायती राज

**प्रहलाद सिंह पटेल**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति एवं खाद्य प्रसंस्करण

**साध्वी निरंजन ज्योति**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास

**महेन्द्र सिंह सिसौदिया**
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन

**बिसाहूलाल सिंह**
मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश शासन

**रामखेलावन पटेल**
राज्य मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मध्यप्रदेश शासन

**विष्णु दत्त शर्मा**
सांसद, लोकसभा, खजुराहो

**जनार्दन मिश्रा**
सांसद, लोकसभा, रीवा

**गणेश सिंह**
सांसद, लोकसभा, सतना

**श्रीमती रीती पाठक**
सांसद, लोकसभा, सीधी

**प्रातः 10:30 बजे, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023**
**एस. ए. एफ. ग्राउंड, रीवा, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण DD NEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D11015/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी/2023